प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



उत्तर प्रदेश में एसआईआर- कहीं लाखों नाम कटे, कहीं रिकॉर्ड बढ़ोतरी पेज- 2

आरएसएस ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 113 | मंगलवार 14 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## जनता दर्शन में बोले योगी, परिवार सबसे बड़ी पूंजी, मिल-बैठकर घर में ही मामले सुलझा लें

(एजेंसी) लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि परिवार सबसे बड़ी पूंजी होती है और पारिवारिक मामले मिल–बैठकर घर में ही सुलझा लें। मुख्यमंत्री ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आए प्रत्येक नागरिक से स्वयं मुलाकात की,उनकी शिकायतें सुनीं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देश दिए। एक बयान के मुताबिक इस दौरान कई शिकायतें पारिवारिक विवाद से जुड़ी आईं जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी को समझाया। मुख्यमंत्री ने कहा, परिवार सबसे बड़ी पूंजी है। समझदारी से पारिवारिक मामले मिल–बैठकर सुलझाएं। विश्वास करिए, बिखरने के बजाय परिवार एकजुट हो जाएगा और वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी भी एक रहेगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने पारिवारिक विवादों से जुड़ी सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। फिर शिकायत लेकर आए लोगों ने मुख्यमंत्री ने कहा,



पारिवारिक झगड़ों में पुलिस–प्रशासन की सहायता लेना अंतिम विकल्प ही होना चाहिए। हमारे समाज में परिवार से बड़ी कोई पूंजी नहीं होती। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत भी है। श्रेयस्कर यही है कि घर के मामले घर में ही सुलझाए जाएं। उन्होंने कहा कि गलती परिवार के किसी भी सदस्य से हो सकती है, लेकिन थोड़ा समझदारी से काम लेंगे तो परिवार बिखरने से बच जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार में थोड़ा झुकने से सम्मान कम नहीं होता, इसलिए परिवार रूपी पूंजी को हर हाल में संभाल कर रखें। उन्होंने कहा कि यदि किन्हीं कारणों से विवाद हल नहीं होता है तो अंतिम विकल्प के रूप में शासन, प्रशासन या पुलिस की सहायता लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता व संवेदनशीलता के साथ किया जाए और इस मामले में शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों और कमजोरों को उजाड़ने वालों को किसी भी सूरत में ना बख्शा जाए और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## दिल्ली की ताकतों का उपयोग करके पश्चिम बंगाल चुनाव नहीं जीत पाएगी भाजपा : ममता

(एजेंसी) बीरभूम। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि केंद्र सरकार और



19 राज्य उनके खिलाफ एकजुट हो गए हैं और वह अकेले ही आम जनता के लिए संघर्ष कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की देश के 19 राज्यों में सरकार है। बीरभूम जिले के सूरी में एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने कहा कि भाजपा दिल्ली की ताकतों का उपयोग करके पश्चिम बंगाल चुनाव नहीं जीत पाएगी। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस 226 से अधिक सीटें हासिल करेगी। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण युवाओं को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे। परिणाम चार मई को घोषित किए जाएंगे। गौरतलब है कि ममता बनर्जी की सरकार पश्चिम बंगाल में 20 मई 2011 से सत्ता में है। उन्होंने पहली बार 2011 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जब उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने लंबे समय से सत्ता में रही वाम मोर्चा सरकार को हराया था। इसके बाद ममता बनर्जी लगातार 2016 में दोबारा सत्ता में आईं। फिर 2021 में 213 सीटें जीत करतीसरी बार मुख्यमंत्री बनीं थी यानी 2011 से अब तक (लगभग 15 साल) वे लगातार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं। वहीं बीजेपी को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2021 में भारतीय जनता पार्टी को 77 सीटें मिली थीं। फिलहाल 2026 चुनाव में देखना हो कि क्या बंगाल की जनता को ममता को मौका देती है या फिर बीजेपी सत्ता पर काबिज होगी।

## पंजाब विधानसभा में 'श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार संशोधन बिल 2026' सर्वसम्मति से पारित

(एजेंसी) चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा ने विशेष सत्र के दौरान 'जागत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक–2026'



को सर्वसम्मति से पारित कर ऐतिहासिक कदम उठाया। बिल पारित होने के बाद सदन 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह कानून पूरी तरह मजबूत है और इसमें कोई कानूनी खामी नहीं छोड़ी गई है। इस संशोधन के तहत बेअदबी के मामलों में 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 'पंजाब पवित्र ग्रंथों के विरुद्ध अपराध रोकथाम बिल, 2025' की समीक्षा कर रही चयन समिति को रिपोर्ट सौंपने के लिए छह महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है।

## नोएडा में मजदूरों का प्रदर्शन हिंसक, गाड़ियां जलाई, तोड़फोड़ और पथराव से बिगड़े हालात

(एजेंसी) नोएडा। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर नोएडा में अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत मजदूर –कर्मचारियों



का प्रदर्शन हिंसक हो गया। सड़कों पर उतरे श्रमिकों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ से लेकर आगजनी तक की घटनाओं को अंजाम दे डाला। नोएडा से लेकर गाजियाबाद तक भयंकर जाम के हालात हैं। उधर, कर्मचारियों के आक्रामक रुख से कंपनी–फैक्ट्रीज में हड़कंप मचा है। कर्मचारी और श्रमिक वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पिछले कई दिनों से जारी ये आंदोलन हिंसा में बदल गया। गुरुग्राम से शुरू ये विरोध नोएडा औद्योगिक क्षेत्र तक फैल गया। हालांकि गुरुग्राम में न्यूनतम वेतन में बढ़ोत्तरी के बाद अब नोएडा में कर्मचारी मजदूरी बढ़ाने पर अड़े हैं। सोमवार को हालात तब बिगड़ गए जब कुछ प्रदर्शनकारी समूहों ने फैक्ट्रियों के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। नोएडा सेक्टर 62 स्थित मदरसन ग्रुप की फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने जमकर हंगामा काटा। गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। कई वाहनों में आग लगा दी गई। उग्र प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास करने पर उन्होंने पुलिस पर भी पथराव किया। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि इस बार उनकी वेतन बढ़ोतरी मात्र ढाई सौ से तीन सौ रुपये की गई है, जो महंगाई के मुकाबले काफी कम है। उनकी मांग है कि न्यूनतम वेतन 18 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। मजदूरों का आरोप है कि वर्तमान में नोएडा की फैक्ट्रियों में औसत वेतन 10–15 हजार रुपये के बीच है। जिसमें गुजर–बसर करना मुश्किल है। वहीं, एनसीआर क्षेत्र में निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों को लगभग 700 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं, जो महीने में करीब 21 हजार रुपये के बराबर होता है। जानकारी के मुताबिक, हजारों की संख्या में कर्मचारी पिछले कई दिनों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन आज स्थिति अचानक बेकाबू हो गई। कई औद्योगिक क्षेत्रों में कंपनियों के बाहर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। घटनाओं के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।नोएडा जैसे बड़े औद्योगिक केंद्र में इस तरह के हिंसक प्रदर्शन से औद्योगिक शांति पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन अब मजदूरों और कंपनी प्रबंधन के बीच बातचीत के जरिए समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है। हरिशंकर उप्रेती हालात को देखते हुए पूरे इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारी कर्मचारियों को शांत करने में जुटे हैं। नोएडा डीएम पहले ही स्पष्ट कर चुकी हैं कि इस संबंध में कंपनीज के साथ बैठकें चल रही हैं। उन्होंने कई बिंदुओं का पालन कराने के संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं। लेकिन कर्मचारी वेतन बढ़ोत्तरी से कम पर हटने को तैयार नहीं है। स्थितियां लगातार अनियंत्रित होती जा रही हैं। इसके कारण नोएडा से लेकर गाजियाबाद तक भयंकर जाम देखा जा रहा है।

## पवन खेड़ा केस में सुप्रीम कोर्ट पहुंची असम सरकार, तेलंगाना हाईकोर्ट से मिली राहत के खिलाफ अपील

(एजेंसी) नई दिल्ली। असम सरकार ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई अग्रिम जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख



किया है। यह जमानत तेलंगाना हाई कोर्ट ने उस मामले में दी थी, जो असम में उनके खिलाफ दर्ज किया गया है। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। दरअसल तेलंगाना हाईकोर्ट ने खेड़ा को एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट की जज न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि पवन खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया जाता है ताकि वह संबंधित कोर्ट में जाकर नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। पवन खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसकी जानकारी चुनावी हलफनामे में नहीं दी गई। दरअसल, असम पुलिस, दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर पवन खेड़ा से पूछताछ करने उनके आवास पर पहुंची थी, लेकिन वे वहां मौजूद नहीं मिले। यह कार्रवाई उस मामले में की जा रही थी जिसमें खेड़ा ने हिमंता बिस्व सरमा की पत्नी पर तीन विदेशी पासपोर्ट रखने का आरोप लगाया था। इस बीच, पवन खेड़ा ने अग्रिम जमानत के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने अदालत में अपना आवासीय पता हैदराबाद बताया और गिरफ्तारी की स्थिति में राहत देने की मांग की। बताया जा रहा है कि उनका तेलंगाना से पारिवारिक संबंध है और हैदराबाद में उनका निजी निवास भी है। साथ ही, राज्य में कांग्रेस की सरकार होने को भी इस कदम से जोड़कर देखा जा रहा है। मामले ने तब तूल पकड़ा जब पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिंकी सरमा पर गंभीर आरोप लगाए। पवन खेड़ा ने दावा किया कि रिंकी सरमा के पास तीन अलग–अलग देशों के पासपोर्ट हैं और उनके समर्थकों के पास ऐसे दस्तावेज हैं जो इस कथित खुलासे को साबित करते हैं। उन्होंने इसे स्वतंत्र भारत की राजनीति में एक बड़ा मामला बताया।

## महिला आरक्षण से आधी आबादी को मिलेगा पूरा हक, सीएम साय बोले, निर्णय प्रक्रिया में बढ़ेगी भागीदारी

रायपुर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि महिला आरक्षण से देश की आधी आबादी को उनका पूरा अधिकार मिलेगा और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने इसे मातृशक्ति के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह पहल भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक समावेशी और सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास मेंनयी दिल्ली के विज्ञान भवन से प्रसारित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'पंचायत से पार्लियामेंट तक' महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना नए भारत की दिशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल को संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर होने वाली चर्चा इस ऐतिहासिक पहल को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा में नारी को सदैव उच्च स्थान मिला है और आज सरकार की योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा रहा है।

## पश्चिम बंगाल बमों का जवाब वोटों से देगा, बनेगी डबल इंजन वाली सरकार : शाह

(एजेंसी) बीरभूम। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता बमों का जवाब वोटों से देगी और विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन वाली सरकार बनेगी। अमित शाह ने बीरभूम जिले के मयूरेश्वर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद माफिया राज समाप्त करेगी। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी सरकार को विदा करने का मन बना लिया है और वह बम और गोलियों का जवाब वोटों से देगी। शाह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य के बहुसंख्यक समुदाय को डराने की कोशिश कर रही हैं और कहा कि यह चुनाव राज्य और देश से घुसपैठियों को बाहर निकालने का है। शाह ने प्रश्नात्मक लहजे में कहा, दीदी, हम यहां सदियों से रह रहे हैं। हमें धमकाने वाली आप कौन हैं, अमित शाह ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में मुर्शिदाबाद में दंगे हुए, राम नवमी शोभायात्रा पर हमले किए गए और कुछ स्थानों पर सरस्वती पूजा की अनुमति नहीं दी गई। गृह मंत्री शाह ने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों से राज्य में शासन कर रही तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल को बम और गोलियों का गोदाम बना दिया है। उन्होंने कहा, मैं तृणमूल के गुंडों से कहना चाहता हूं कि वे मतदान के दिन घर में रहें वरना चार मई के बाद उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने राज्य में पर्याप्त केंद्रीय बल भेजे हैं। अमित शाह ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने कई स्थानों पर बीएसएफ को भारत–बांग्लादेश सीमा पर तारबंदी के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराई है और यदि यहां भाजपा की सरकार बनती है तो इस उद्देश्य के लिए 45 दिनों के भीतर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। शाह ने राज्य की महिलाओं को यह भरोसा दिलाया कि अगर यहां भाजपा सत्ता में आती है तो वे दिन–रात अपने काम स्वतंत्र रूप से कर सकेंगी। अमित शाह




ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी, जिससे सभी लोग एक ही कानून और नियमों के दायरे में आएंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हर क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण राज्य की जनता को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## जालियांवाला बाग के शहीदों को राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने किया नमन

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्र उनका सदा ऋणी रहेगा राष्ट्रपति ने जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड में प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि राष्ट्र सदैव उनका कृतज्ञ रहेगा। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मुझे विश्वास है कि उनकी देशभक्ति की भावना सभी को समर्पण और निष्ठा के साथ राष्ट्र सेवा के मार्ग पर बढ़ने के लिए प्रेरित करती रहेगी। औपनिवेशिक प्रशासन को दमनकारी शक्तियां प्रदान करने वाले रॉलेट एक्ट के खिलाफ 1919 में आज ही के दिन पंजाब के अमृतसर स्थित जलियांवाला बाग में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों पर अंग्रेज सेना ने बिना किसी उकसावे के गोलियां चलाईं थीं। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट में कहा, मैं जलियांवाला बाग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करती हूं। इस घटना ने देशवासियों में नई



चेतना का संचार किया और स्वतंत्रता के प्रति दृढ़ संकल्प जगाया। राष्ट्र सदा उनका ऋणी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को शोषण के खिलाफ प्रतिरोध के एक अमर प्रतीक के रूप में याद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर साझा किये गये एक संदेश में कहा, ‍ आज के दिन हम जलियांवाला बाग के बहादुर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका बलिदान हमारे लोगों की अदम्य भावना की एक शक्तिशाली याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प पीढ़ियों को स्वतंत्रता, न्याय और सम्मान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता रहेगा। अमृतसर में 13 अप्रैल, 1919 को हुआ जलियांवाला बाग हत्याकांड भारत के औपनिवेशिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक है। उस दिन सैकड़ों निहत्थे पुरुष, महिलाएं और बच्चे वहां एकत्र हुए थे, तभी जनरल रेजिनाल्ड डायर के नेतृत्व में ब्रिटिश सैनिकों ने बिना किसी चेतावनी के गोलियां चला दीं, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक मारे गये और घायल हुए। इस घटना ने पूरे देश में व्यापक आक्रोश पैदा किया, जिसने ब्रिटिश शासन के खिलाफ राष्ट्रवादी भावना को और अधिक मजबूत किया। दशकों से यह स्थल एक पवित्र स्मारक बन गया है, जहां देश भर से लोग उन लोगों को सम्मान देने आते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी थी। विभिन्न नेताओं और नागरिकों ने भी इस दिन को याद किया और उन शहीदों को नमन किया जिनका बलिदान देश की सामूहिक स्मृति में आज भी गूंजता है।

# सम्पादकीय

## तेजस्वी-अखिलेश के निशाने पर नीतीश

जैसा कि सर्वविदित है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते दिनों राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इसी के साथ बिहार में नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। बहुत कुछ



नफीस जाफरी

मुमकिन है कि जब आप यह संपादकीय पढ़ रहे होंगे तो तब तब बिहार के नए मुख्यमंत्री का ऐलान हो चुका होगा, या फिर किए जाने की तैयारी हो रही होगी। वहीं जहां तक नीतीश कुमार का सवाल है तो राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधा.ष्णन ने अपने कक्ष में एक संक्षिप्त समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। सभापति ने बाद में उन्हें उच्च सदन का सदस्य बनने और संसद में वापसी पर शुभकामनाएं भी दीं। अब नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सवाल खड़े किए हैं। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव में हमने पहले ही कहा था कि नीतीश को मुख्यमंत्री नहीं रहने दिया जाएगा। उस समय एनडीए के नेता कहते थे कि 2025 से 2030 तक नीतीश कुमार रहेंगे। उन लोगों ने झूठ बोला, सरकार में परिवर्तन आखिर क्यों किया जा रहा है। यही इच्छा रहती तो चुनाव के पहले भी बोल सकते थे, इच्छा थी ही नहीं उनकी उनके ऊपर भाजपा ने थोपा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि असली सवाल है कि बिहार की स्थिति क्या है? बिहार का स्थिति बद से बदतर होते जा रही है। लोग पलायन कर रहे हैं उनके लिए सरकार ने क्या कोई व्यवस्था की है। इन लोगों को बस अपनी कुर्सी की चिंता रहती है। यह लोग बिहार को बर्बाद कर रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के पूर्व यूपी मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे इंडिया गठबंधन के बहुत सारे साथियों की कोशिश थी कि नीतीश कुमार जी प्रधानमंत्री बनकर रिटायर होते, लेकिन अब सुनने में आ रहा है और यह लग रहा है कि वे राज्यसभा के सदस्य के रूप में रिटायर हो जाएंगे। सोचिए कि लोगों के साथ कितना बड़ा धोखा हुआ है। अखिलेश यादव ने इससे पहले भी कहा था कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें, लेकिन अब वह राज्यसभा सदस्य बनने जा रहे हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व यूपी मुख्यमंत्री ने कहा था कि जब सपा ने पहले बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब पार्टी चाहती थी कि बसपा प्रमुख मायावती प्रधानमंत्री बनें। जब इंडिया गठबंधन बना था, तो हम सभी चाहते थे कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें। लेकिन जब बिहार चुनाव हुए, तो हमने कहा था कि वह मुख्यमंत्री के तौर पर रिटायर होंगे, न कि प्रधानमंत्री के तौर पर। पर भाजपा ने एक कदम और आगे बढ़कर अब यह तय कर दिया है कि वह राज्यसभा सदस्य के तौर पर रिटायर होंगे। इसके साथ ही उन्होंने ये भी आरोप लगाया था कि यह कदम पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समुदाय से जुड़े लोगों का अपमान है। आप ही बताइए कि कौन सा पद बड़ा है —– राज्यसभा सदस्य या मुख्यमंत्री? पीडीए एक सामाजिक गठबंधन है जिसकी वकालत सपा करती है। नीतीश अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं। इससे पहले नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने एक्स पर लिखा था कि यह बिहार के इतिहास का सबसे बड़ा अपहरण है। यह भले ही एक राजनीतिक अपहरण लगे, लेकिन असल में यह बिहार का आर्थिक अपहरण है। अगला नंबर... समझदार लोग समझ जाएंगे।

# उत्तर प्रदेश में एसआईआर- कहीं लाखों नाम कटे, कहीं रिकॉर्ड बढ़ोतरी



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश में एसआईआर 2026 के बाद जारी अंतिम मतदाता सूचियों ने चुनावी तस्वीर बदल दी है। कई जिलों में बड़ी संख्या में नाम हटे हैं, तो कुछ जगह नए मतदाताओं की मजबूत एंट्री हुई है। कानपुर, सीतापुर और बाराबंकी में बड़े पैमाने पर नाम कटे, जबकि प्रयागराज में मतदाताओं की संख्या में भारी इजाफा दर्ज हुआ है। विदित हो कि उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होना है। इस चुनाव से पहले यूपी के वोटर लिस्ट की गहन जांच के बाद लाखों वोटरों के नाम हटाए गए है। निर्वाचन आयोग द्वारा यूपी में चले वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण कार्य के बाद पूरे राज्य से 2 करोड़ 5 लाख मतदाताओं के नाम कटे हैं। निर्वाचन आयोग ने यूपी के सभी जिलों की फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। एसआईआर की प्रक्रिया के तहत यूपी के बड़े नेताओं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती के जिले में क्या हुआ? आइए इस आलेख के माध्यम से जाने की कोशिश करते हैं:– यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर की बात करें तो यहां कुल 9 विधानसभा सीटें हैं। इनमें कुल 4 लाख 21 हज़ार 092 नाम कट गए हैं। यहां एसआईआर के बाद कुल वोटर्स की संख्या 32 लाख 45 हज़ार 441 बची है। एसआईआर से पहले गोरखपुर के कुल 36 लाख 66 हजार 533 मतदाता थे। ड्रॉट लिस्ट में कुल 6 लाख 45 हज़ार मतदाताओं के नाम कट दिए गए। हालांकि नाम जोड़ने के अभियान में कुल 2 लाख 42 हजार 645 के नाम जुड़ गए और 18 हजार 132 नाम पार्टियों के आधार पर कट गए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज से सांसद हैं। कन्नौज में कुल तीन विधानसभा सीटें हैं। इन तीन सीटों में क़रीब पौने 3 लाख वोटर्स के नाम कटे हैं। कन्नौज में कुल वोटर्स की संख्या 10 लाख 67 हजार 932 रह गई है। पहले जिले की तीनों विधानसभाओं में 12 लाख 89 हजार 220 मतदाता थे। अभियान के दौरान करीब 2 लाख 80 हजार मतदाता गायब मिले। जिन्हे एब्सेंट की श्रेणी में रखकर कई बार ढूंढने की कोशिश हुई, लेकिन न मिलने







पर सभी नाम काट दिये गये। 55 हजार के करीब नए वोटर बढ़े हैं, जिन्हे मिलाकर फाइनल लिस्ट में 10 लाख 67 हजार 220 वोटर हुए हैं। वहीं यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का जिला गौतमबुद्धनगर है। दिल्ली के पास स्थित गौतमबुद्धनगर जिला नोएडा, ग्रेटर नोएडा जैसे हाईटेक मेट्रो शहरों के लिए जाना जाता है। गौतमबुद्धनगर जिले में तीन विधानसभा सीटें हैं– दादरी, नोएडा और जेवर। यूपी एसआईआर के तहत गौतमबुद्धनगर जिले से 3.60 लाख वोटरों के नाम लिस्ट से हटाए गए है। एसआईआर से पहले जिले में कुल 18.65 लाख मतदाता दर्ज थे। जो छंटनी के बाद जनवरी 2026 तक घटकर 14.18 लाख रह गए थे। हालांकि, नए पंजीकरण के बाद 10 अप्रैल 2026 तक यह संख्या थोड़ी सुधरकर 15.05 लाख पहुंची। ऐसे में एसआईआर की प्रक्रिया के तहत गौतमबुद्धनगर जिले में 3.60 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी पर विपक्ष ने चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। वहीं भाजपा नेतृत्व की चिंता ये है कि वो शहरी इलाके जहां उसका प्रभाव ज्यादा रहा है, वहां ज्यादा वोटर्स के नाम कटे हैं। ऐसे में कहीं ये एसआईआर उनके लिए मुश्किल ना पैदा कर दे। हालांकि भाजपा ने अपने एजेंट को कई बार बैठकें करके अपने वोटर्स के नाम जुड़वाने का अभियान चलाया लेकिन फाइनल वोटर लिस्ट देखकर पार्टी नेतृत्व के माथे की चिंता बढ़ गई है। अब भाजपा फाइनल वोटर्स लिस्ट के आधार पर अपना नया डेटा बैंक तैयार करने का काम करेगी। समाजवादी पार्टी ने अपने बूथ लेवल एजेंट्स को पूरे एसआईआर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का अभियान चलाया था। इस अभियान में शामिल कार्यकर्ताओं को पीडीए प्रहरी का नाम दिया गया था। सपा का कहना है कि उनके प्रहरियों ने अपने वोट बचाने के लिए बूथ लेवल पर बहुत मेहनत की है। चुनाव आयोग पर निष्पक्ष ना होने का आरोप लगाने के साथ सपा का मानना है कि उनके कार्यकर्ताओं की मेहनत की वजह से ही जितने वोट काटे जा सकते थे, उतने नहीं कटे। हालांकि सपा को अभी आशंका है कि उनके वोटर्स के साथ "खेल" ना हुआ हो, इसलिए वो पूरे वोटर्स लिस्ट की छानबीन कर रहे हैं। एसआईआर के बाद जारी अंतिम मतदाता सूची के अनुसार यूपी में अब कुल वोटर्स की संख्या 13,39,84,792 हो गई है। ड्रॉट सूची में ये आंकड़ा 12,55,56,025 था। एसआईआर से पहले यूपी में कुल वोटर्स की संख्या 15 करोड़ 44 लाख वोटर्स थे। एसआईआर शुरू होने के बाद जब ड्रॉट सूची आई थी, तब 2 करोड़ 89 लाख नाम कट गए थे। हालांकि ड्रॉट लिस्ट के बाद वोटर्स को एक मौका और दिया गया। इस दौरान 84,28,767 नाम जुड़े. यानि कि यूपी में एसआईआर की प्रक्रिया में कुल 2 करोड़ 5 लाख वोटर्स के नाम कटे हैं।

# उत्तर प्रदेश में चुनावी गठबंधन को लेकर अखिलेश का बड़ा दावा



शबाब हुसैन

उत्तर प्रदेश के विधान सभा चुनाव अगले साल प्रस्तावित है। इन विधानसभा चुनावों को लेकर अभी से रणनीतियों से लेकर चुनावी तैयारियों ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। ऐसे में अगले साल होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। बीते दिनों जयपुर पहुंचे अखिलेश यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी किसी नए दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में जो गठबंधन है, वही विधानसभा चुनाव में भी काम करेगा। वर्तमान में समाजवादी पार्टी इंडिया अलायन्स का हिस्सा है और यूपी में कांग्रेस से उसका गठबंधन है। उन्होंने ये भी साफ किया कि सपा का राजस्थान में चुनाव लड़ने का फिलहाल कोई इरादा नहीं है। राजस्थान के जयपुर में विजन इंडिया के कार्यक्रम में पहुंचे अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अलग–अलग समय में कई पार्टियों से गठबंधन किया है और हमारे पास गठबंधन का काफी अनुभव है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यही कह सकता हूं कि जो गठबंधन मौजूदा समय में है, वही आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ इस बार गठबंधन नहीं, बल्कि समुदाय मुकाबला करेगा। ये समुदाय पीडीए समुदाय होगा। यूपी में एसआईआर के बाद जारी अंतिम मतदाता सूची के ग्रामीण इलाकों के बजाय शहरी इलाके में ज्यादा नाम कटने पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की साजिश रची थी। हालांकि तमाम राज्यों से आते–आते यूपी में उसकी गणित फेल हो गई। उनका दावा है कि समाजवादी पार्टी के पीडीए प्रहरियों ने पूरी प्रक्रिया पर पैनी निगाह रखी, जिससे भाजपा की साजिश को ज्यादा कामयाब नहीं



होने दिया। वोटर लिस्ट को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि सपा कार्यकर्ता जिला स्तर पर मतदाता सूची का आंकलन कर रहे हैं। जयपुर से लखनऊ वापस जाकर वो भी वोटर लिस्ट को देखेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा मतदाता सूची के शुद्धिकरण का दावा कर रही है लेकिन मैं दावा करता हूं कि जनता आने वाले दिनों में भाजपा की सरकार का शुद्धिकरण कर देगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मामले पर भी अपनी बात रखी और कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद नकली संतों से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग दूसरों से प्रमाण मांग रहे हैं, उनके पास खुद कोई प्रमाण नहीं है। वहीं मुख्यमंत्री योगी पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने उन्हें नकली संत बताया और कहा कि समाजवादी पार्टी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का सम्मान करती है और आगे भी उनका आशीर्वाद लेती रहेगी.? जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि फिल्म धुरंधर के जरिए विपक्ष को घेरने की कोशिश की गई है। भाजपा से जुड़े हुए लोग काल्पनिक बातों को फिल्मों के जरिए वास्तविकता की तरह पेश करते हैं लेकिन जनता ने धुरंधर का जवाब धुआंधार से दे दिया। अब तो लगता है कि नकली संत पर भी कोई वेब सीरीज बन जाएगी। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर अखिलेश यादव ने आज फिर से भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नीतीश कुमार का डिमोशन करते हुए उन्हें रिटायरमेंट की राह पकड़ाई है।

# बैसाखी पर विशेष लेख: खालसा पंथ की स्थापना और फसलों की कटाई की खुशी का पर्व है बैसाखी

### -धर्म, साहस और आपे गुरु चेला की महान परंपरा

सुखबीर सिंह सिंघोत्रा

बैसाखी का पावन पर्व सिख इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है जब गुरु गोबिंद सिंह जी ने सन 1699 में आनंदपुर साहिब की पावन धरती पर खालसा पंथ की स्थापना की थी, उस समय उनका नाम गोबिंद राय था। यह स्थापना किसी साधारण धार्मिक आयोजन का परिणाम नहीं थी बल्कि उस समय के सामाजिक अन्याय, धार्मिक अत्याचार और मानवाधिकारों के हनन के विरुद्ध एक क्रांतिकारी कदम था । उस समय समाज में भय, भेदभाव और जबरन धर्म परिवर्तन जैसी समस्याएं बढ़ रही थीं, आम जनमानस में साहस और आत्मसम्मान की कमी हो रही थी । ऐसे समय में गुरु गोबिंद सिंह जी ने एक ऐसे पंथ की स्थापना की जो न केवल आध्यात्मिक रूप से जागरुक हो बल्कि अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस भी रखे। खालसा पंथ का मूल उद्देश्य था संत सिपाही, तैयार करना जो भक्ति और शक्ति दोनों का संतुलन बनाए रखे। बैसाखी के ऐतिहासिक दिवस पर गुरु गोबिंद राय जी ने विशाल सभा में आह्वान किया कि जो देश धर्म के लिए अपने प्राणों का त्याग कर सकता है वो सामने आए । सभा में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया फिर पीछे से एक व्यक्ति उठा और सहजता से चलते हुए गुरु गोबिंद सिंह जी के पास आया और बोला कि मैं अपने प्राणों का बलिदान देने को तैयार हूं गुरु गोविंद सिंह जो उस समय गुरु गोविंद राय कहलाते थे उन्हें अंदर ले गए और पंडाल के पीछे से तलवार चलने की जोरदार आवाज आई और खून की धार सभा की तरफ बहने लगी, गुरुजी बाहर आए उनके हाथों में रक्त रंजित तलवार थी उन्होंने दोबारा आवाज लगाकर पूछा कि और कौन गुरु का प्यारा देश और धर्म के लिए जान दे सकता है फिर एक व्यक्ति उठा और उसने भी देश धर्म के लिए अपने प्राण कुर्बान करने की बात कही गुरुजी उससे भी अंदर ले गए फिर जोरदार आवाज और खून की धार, इस तरह एक.एक कर पांच लोगों को गुरु जी पंडाल के पीछे ले गए और खून की धार बाहर बहती रही पूरी सभा में सन्नाटा था लोग आश्चर्य में थे कि गुरु जी ने यह क्या किया ? क्यों किया ? यह परीक्षा केवल आस्था की नहीं बल्कि समर्पण, साहस और विश्वास की थी । जब पाँच सिख इस परीक्षा में खरे उतरे तब गुरु जी ने उन्हें अमृत पान करवाकर खालसा बनाया। गुरु जी ने जिन्हें अमृत पान करवाकर पंज प्यारे सजाया उनमें भाई दया सिंह जी (लाहौर के निवासी) – भाई धरम सिंह जी (हस्तिनापुर/मेरठ के निवासी) – भाई हिम्मत सिंह जी (जगन्नाथ पुरी के निवासी) – भाई मोहकम सिंह जी (द्वारका के निवासी) – भाई साहिब सिंह जी (बीदर के निवासी) थे। इसके पश्चात जो घटना घटी वही सिक्ख परंपरा की सबसे अद्वितीय और प्रेरणादायक मिसाल बनी। गुरु गोविंद सिंह जी ने स्वयं उन्हीं पाँच प्यारों से अमृत ग्रहण किया और स्वयं को भी खालसा में शामिल किया। उसके बाद से गुरु गोविंद राय का नाम गुरु गोबिंद सिंह पड़ा। यही वह ऐतिहासिक क्षण है, जिसके कारण सिख परंपरा में कहा जाता है। वाह वाह गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला इस पंक्ति का गहरा अर्थ है कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने गुरु और शिष्य के बीच की दूरी को समाप्त कर दिया। उन्होंने यह संदेश दिया कि सच्चा गुरु वही है जो स्वयं भी उसी अनुशासन मर्यादा और नियमों का पालन करे, जो वह अपने अनुयायियों को सिखाता है। उन्होंने स्वयं को ऊँचा नहीं रखा बल्कि अपने अनुयायियों के साथ समान स्तर पर खड़ा किया। यह समानताए विनम्रता और नेतृत्व का सर्वोच्च उदाहरण है। इससे यह सिद्ध होता है कि सिक्ख पंथ में किसी भी प्रकार का ऊँच.नीच या भेदभाव स्वीकार्य नहीं है। आज भी गुरुद्वारों में गरीब . अमीर सब एक साथ एक लाइन में बैठकर लंगर ग्रहण करते हैं। आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा हैकृनैतिक मूल्यों में गिरावट, आपसी विभाजन और युवाओं का भटकावकृतब गुरु गोबिंद सिंह जी का यह संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। हमें यह सीख मिलती है कि नेतृत्व केवल आदेश देने का नहीं बल्कि स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करने का नाम है।

छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर सिक्ख समाज सदैव सरबत दा भला की भावना के साथ सेवा, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता आया है। आज बैसाखी के इस पावन अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम गुरु साहिब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में न्याय, समानता और सेवा की भावना को और सुदृढ़ करें। खालसा मेरो रूप है खास, खालसे में हउ करौं निवासश्

यह वचन हमें याद दिलाता है कि खालसा केवल एक पहचान नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। आस्था, साहस और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश बैसाखी का पावन पर्व सिक्ख समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक अवसर है। यह केवल फसल कटाई का उत्सव नहीं बल्कि धर्म, साहस, समानता और सेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का दिन भी है । आज के बदलते सामाजिक और वैश्विक परिदृश्य में बैसाखी हमें अपने मूल सिद्धांतों की ओर लौटने और उन्हें व्यवहार में उतारने का संदेश देती है। बैसाखी का दिन हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब गुरु साहिब ने समाज में व्याप्त अन्याय, भेदभाव और भय को समाप्त करने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हम बैसाखी के संदेश को केवल उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। धर्म का पालन केवल पूजा.पाठ तक सीमित न रहकर सत्य, ईमानदारी और न्याय के मार्ग पर चलना है। सेवा ;सेवा भावद्ध के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची श्रद्धा है। समानता और भाईचारा आज के समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जहाँ जाति, धर्म और वर्ग के भेद को समाप्त करना हमारा कर्तव्य है।

छत्तीसगढ़ की धरती पर सिक्ख समाज हमेशा से सेवा, सद्भाव और भाई चारे का प्रतीक रहा है। चाहे प्राकृतिक आपदाएं हों या सामाजिक संकट, सिक्ख समाज ने सरबत दा भला के सिद्धांत पर चलते हुए हर जरूरतमंद की सहायता की है। आज भी हमें यही संकल्प लेना होगा कि हम अपने आसपास के समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे। आज की परिस्थितियों में जब युवाओं के सामने अनेक भटकाव और चुनौतियाँ हैंए बैसाखी उन्हें सही दिशा देने का अवसर है। उन्हें अपने इतिहासए संस्कृति और मूल्यों से जोड़ना, उन्हें नशे और गलत रास्तों से दूर रखना और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैसाखी हमें यह सिखाती है कि सच्चा उत्सव वही है जिसमें समाज का हर वर्ग खुशहाल और सुरक्षित हो। इस पावन अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि हम धर्म, सेवाए और मानवता के मार्ग पर चलकर एक बेहतर समाज का निर्माण करेंगे। नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाणे सर्वत दा भला बैसाखी की सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।

लेखक प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज हैं।

# तजुर्बे को झेलना आसान नहीं

शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उभरी एक–ध्रुवीय दुनिया में ऐसी मिसाल ढूंढे नहीं मिलेगी। ईरान का यह एलान चौंकाने वाला है कि वह अपनी शर्तों और अपने चुने हुए समय पर लड़ाई रोकेगा। ईरान ऐसा करने की स्थिति में आखिर कैसे पहुंचा?

कोई देश अमेरिकी फॉर्मूले को ठुकरा कर युद्ध खत्म करने के लिए अपनी शर्तें पेश करे, दुनिया के लिए यह नया तजुर्बा है। खासकर शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उभरी एक–ध्रुवीय दुनिया में ऐसी मिसाल ढूंढे नहीं मिलेगी। इसीलिए ईरान का यह एलान चौंकाने वाला साबित हुआ कि वह अपनी शर्तों और अपने चुने हुए समय पर लड़ाई रोकेगा। ईरान ऐसा करने की स्थिति में पहुंचा, तो उसकी संभवतरू तीन वजहें हैं। एक तो वहां का नेतृत्व मरने–मारने की मनोदशा में है, दूसरे डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने जारी वार्ता के बीच दो बार हमले कर अपनी साख गंवा दी है, और तीसरे लगभग चार हफ्तों में ईरान ने युद्ध की कथा बदल डाली है।

ईरान की जबरदस्त बर्बादी एक तथ्य है। अमेरिका के मुताबिक उसने लगभग दस हजार ईरानी ठिकानों पर बमबारी की है। मगर लड़ाई का एक दूसरा पक्ष भी है। अमेरिका के एक प्रमुख अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिका के 13 सैनिक अड्डों को इस तरह तबाह किया है कि वहां किसी का रहना संभव नहीं रह गया है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान लगभग 20 अमेरिकी लड़ाकू विमान या तो नष्ट कर दिए गए या वे क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें अमेरिका का सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान एफ–35 भी है। इसी तरह अमेरिका के बहुचर्चित बेड़े अब्राहम लिंकन और जेराल्ड फोर्ड पर ईरान ने मिसाइलें दागीं, जिनसे उन्हें नुकसान होने की चर्चा रही है।

इस बीच इजराइल के अंदर ईरानी मिसाइलों ने अंदर तक घुस कर मार की है। ऐसे में नए ईरानी नेतृत्व का आकलन संभवतरू यह है कि जमीनी हमले की तैयारी के साथ–साथ अमेरिका युद्धविराम का फॉर्मूला भी भेज रहा है, तो उस पर यकीन नहीं किया जा सकता। फिर, जब युद्ध में ईरान को अपने सर्वोच्च नेतृत्व को गंवाने से लेकर जान–माल की व्यापक क्षति झेलनी पड़ी है, तो पुराने मुद्दों और उन्हीं अमेरिकी शर्तों पर फिर बात करने का कोई तुक नहीं रह जाता। तो ईरान ने अमेरिकी फॉर्मूला ठुकरा दिया है। अमेरिकी शासक वर्ग के लिए इस तजुर्बे को झेलना आसान नहीं होगा।

# बीएसपी में अंदरूनी कलह का आरोप

## – मंडल कोऑर्डिनेटर को हटाने पर उठा विवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो
बिजनौर। जिले में बहुजन समाज पार्टी के भीतर अंदरूनी खींचतान और आरोप–प्रत्यारोप का मामला सामने आया है। पार्टी के एक कार्यकर्ता द्वारा जारी बयान में आरोप लगाया गया है कि जिला स्तर पर नियुक्त किए गए मंडल कोऑर्डिनेटर वीपी सिंह और अरुण कुमार रोनी के आने से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ था। बताया गया कि 29 मार्च को आयोजित एक विशाल बैठक के बाद जिले में पार्टी की स्थिति मजबूत होती दिखाई दे रही थी और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल था। हालांकि, इसके बाद कुछ पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि उन्होंने व्यक्तिगत स्वार्थ और कथित लेन–देन के चलते पार्टी के खिलाफ काम किया। आरोप है कि धामपुर, चांदपुर और नगीना क्षेत्र से जुड़े कुछ मंडल पदाधिकारियों ने दूसरे दल के नेताओं से सांठगांठ कर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ शिकायतें कीं, जिसके चलते संगठनात्मक कार्रवाई हुई। इसी क्रम में अरुण कुमार रोनी को पार्टी से बाहर किए जाने का मामला सामने आया। बयान में यह भी कहा गया कि इन घटनाओं से आहत होकर अरुण कुमार रोनी ने 9 अप्रैल 2026 को स्वयं इस्तीफा दे दिया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग भी उठाई गई है। फिलहाल, इन आरोपों को लेकर पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# 117 गांवों से गुजरेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

## – 146.24 किमी के दूसरे चरण के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो
बिजनौर। जिले के लिए राहत भरी खबर है कि बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेस–वे अब बिजनौर से होकर गुजरेगा। परियोजना के दूसरे चरण में जिले के 117 गांवों को शामिल किया गया है। इसके अलावा अमरोहा के 62 और हरिद्वार के 25 गांवों की भूमि भी अधिग्रहित की जाएगी। इस चरण की कुल लंबाई 146.24 किलोमीटर निर्धारित की गई है। यूपीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी हरि प्रताप शाही ने बिजनौर और अमरोहा के जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर संबंधित गांवों के बंदोबस्ती मानचित्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य एक निजी कंसल्टेंसी कंपनी को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद से ही जिले में इस परियोजना को लेकर लंबे समय से मांग चल रही थी। बीच में रूट परिवर्तन की चर्चाओं पर स्थानीय लोगों ने विरोध भी जताया था, जिसके बाद अब एक्सप्रेस–वे का बिजनौर से गुजरना तय हो गया है। नई परियोजना के तहत एक्सप्रेस–वे चांदपुर, बिजनौर और नजीबाबाद तहसीलों के कुल 117 गांवों से होकर गुजरेगा। इससे जिले की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और आसपास के क्षेत्रों को भी सीधा लाभ मिलेगा। गंगा एक्सप्रेस–वे के निर्माण से क्षेत्र में व्यापार, परिवहन और रोजगार के नए अवसर बढ़ने की उम्मीद है, जिससे जिले के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

# प्रस्तावित अंग्रेजी शराब की दुकान को लेकर विरोध

न्यूज वाणी ब्यूरो
गाजीपुर। तहसील सेवराई अंतर्गत ग्राम सभा सेवराई में प्रस्तावित सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान को लेकर क्षेत्र में भारी विरोध देखने को मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि दुकान जिस स्थान पर खोली जा रही है, वह बेहद संवेदनशील क्षेत्र में आता है, जहां आसपास शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य केंद्र और धार्मिक स्थल स्थित हैं।



ग्रामीणों के अनुसार, प्रस्तावित शराब दुकान से लगभग 50 मीटर की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय सतरामगंज बाजार, 200 मीटर के भीतर कम्पोजिट विद्यालय सेवराई और करीब 225 मीटर की दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा स्थित है। इसके अलावा 200 मीटर के दायरे में करीब 200 वर्ष पुराना प्राचीन शिव मंदिर, हाल ही में स्थापित भव्य साई मंदिर और शनि देव की प्रतिमा भी मौजूद है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे दर्शन के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि इस मार्ग से लगभग 25 गांवों का आवागमन होता है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छात्राएं और महिलाएं कोचिंग, सिलाई, कंप्यूटर शिक्षा और मेडिकल की तैयारी के लिए इसी रास्ते से गुजरती हैं। साथ ही, कम्पोजिट विद्यालय का विस्तृत मैदान सुबह–शाम टहलने और खेलकूद के लिए उपयोग में लाया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस स्थान पर शराब की दुकान खुलने से सामाजिक माहौल बिगड़ सकता है और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही, इससे धार्मिक आस्था को भी ठेस पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सेवराई को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि राजस्व टीम से मामले की जांच कराई जाए और शराब की दुकान को वर्तमान स्थान के बजाय लिंक रोड पर स्थापित किया जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि वे सरकार की नीतियों के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि केवल स्थान को लेकर आपत्ति जता रहे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले में क्या कदम उठाता है। इस मौके पर किसान नेता भानु प्रताप सिंह, कंचन सिंह, पंकज सिंह, रजनीकांत सिंह, संदीप सिंह, सतीश सिंह, पंकज यादव, आशुतोष सिंह, समीर सिंह, विनोद कुमार सिंह, दिनेश सिंह, बलवंत सिंह, विक्की सिंह, अरुण गांधी आदि लोग मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप के पीछे मिला अज्ञात युवक का शव

न्यूज वाणी ब्यूरो/सेवराई, गाजीपुर। गहमर थाना क्षेत्र के भदौरा स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे रविवार रात एक अज्ञात युवक का शव मिला। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही सेवराई चौकी प्रभारी विपिन सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव की पहचान कराने का



प्रयास किया, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि युवक पेट्रोल पंप के पीछे चप्पल उतारकर सोया हुआ था। मौके की परिस्थितियों को देखते हुए यह संभावना जताई जा रही है कि वह नशे की हालत में था और अत्यधिक शराब के सेवन से उसकी मौत हुई होगी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पहचान न होने के कारण पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर मर्चरी भेज दिया है। साथ ही, आसपास के थानों को भी सूचना देकर युवक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और स्थानीय लोगों से किसी भी जानकारी मिलने पर तत्काल सूचित करने की अपील की है। इस संबंध में गहमर कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रकाश हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप, जांच की उठी मांग

## - इलाज के दौरान मौत पर बवाल, परिजनों ने एनएच-19 जाम कर किया विरोध

न्यूज वाणी ब्यूरो
दुर्गावती–कैमूर। जिले के दुर्गावती प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रकाश हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में सोमवार सुबह एक 55 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ भारी आक्रोश फैल गया। आक्रोशित परिजनों ने मृतक के शव को नेशनल हाईवे–19 पर रखकर घंटों जाम कर दिया। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अखिलेश यादव पर लापरवाही का आरोप लगाया। मृतक की पहचान दुर्गावती थाना क्षेत्र के बिछिया गांव निवासी राम इकबाल कुशवाहा (55 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मोहनिया एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी और डीएसपी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर जाम हटवाया। परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 5 बजे राम इकबाल कुशवाहा को सांस फूलने की शिकायत पर प्रकाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के चिकित्सक ने समय पर मरीज को बेहतर इलाज के लिए रेफर नहीं किया, जबकि वे लगातार इसकी मांग कर रहे थे। मृतक के रिश्तेदार अक्षय मौर्य ने बताया कि यदि समय रहते मरीज को वाराणसी रेफर कर दिया जाता, तो उनकी जान बच सकती थी। घटना के बाद जिला प्रशासन के आश्वासन पर कुछ देर बाद जाम समाप्त कराया गया। परिजनों ने अस्पताल की निष्पक्ष जांच कराने और चिकित्सकों की योग्यता की जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इस अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत भी मरीजों का इलाज किया जाता है। खबर लिखे जाने तक दुर्गावती पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया था। पूरे घटनाक्रम के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर मोहनिया ँक्ड, दुर्गावती थानाध्यक्ष समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, दुर्गावती ब्ॅ प्रभारी डॉ. संगीता सिन्हा ने भी अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया जाता है कि करीब 11 बजे परिजनों ने थाने में आवेदन देने से इनकार कर दिया और आपसी सहमति के बाद शव को अपने घर ले गए। इस संबंध में मोहनिया ँक्ड रत्ना प्रियदर्शिनी ने बताया कि बिछिया गांव निवासी राम इकबाल कुशवाहा की इलाज के दौरान मौत हुई है। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है और सड़क जाम किया था, जिसे बाद में हटवा दिया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में नामित डॉक्टर की उपस्थिति और इलाज को लेकर जांच की जाएगी। फिलहाल परिजनों ने कोई लिखित शिकायत नहीं दी है और न ही पोस्टमार्टम के लिए सहमति जताई है। आगे की कार्रवाई विभागीय स्तर पर की जाएगी।

# ज्योति कलश यात्रा ने दिया सद्गुणों के विकास व दुर्गुणों के त्याग का संदेश

## – गांव–गांव पहुंची शक्ति कलश यात्रा, भक्ति व संस्कारों से सराबोर हुआ शुकुल बाजार

न्यूज वाणी ब्यूरो
शुकुल बाजार, अमेठी। क्षेत्र में भक्ति, संस्कार और जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला शांतिकुंज हरिद्वार से निकली ज्योति शक्ति कलश यात्रा यहां पहुंचकर जन–जन में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर किया। गायत्री परिवार के तत्वावध् ाान में आयोजित यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सद्गुणों के विकास और दुर्गुणों के उन्मूलन का प्रेरक अभियान बन चुकी है। मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण की प्रक्रिया को लेकर गांव गांव गायत्री उपासना साधना से जोड़ने का काम और वर्तमान में चल रहे विनाशकारी प्र.ति की नाराजगी को रोकते हुए मानव मात्र के कल्याण को लेकर ज्योति शक्ति कलश यात्रा पूरे उत्तर प्रदेश में चल रही हैं।सोमवार को जैसे ही कलश यात्रा शुकुल बाजार पहुंची, पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल छा गया। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं और स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। कलश के आगमन पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि–विधान से पूजन–अर्चन किया गया और भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर और भक्ति भाव से नतमस्तक होकर कलश का अभिनंदन किया।इस अवसर पर शांतिकुंज से कलश यात्रा लेकर आए हुए टोली नायक समर बहादुर,ध् ार्मेश्वर किरार, सत्य नारायण पांडेय ने कहा कि यह ज्योति कलश मानव जीवन में आत्मशुद्धि, सदाचार और सेवा भाव का प्रतीक है। यह यात्रा हमें अपने भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागकर सत्य, प्रेम, करुणा और संयम जैसे सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा देती है। समाज में बढ़ती वि.तियों को दूर करने के लिए ऐसे आध्यात्मिक अभियानों की आज अत्यंत आवश्यकता है।कार्यक्रम में शुकुल बाजार ब्लॉक समन्वयक अशोक शर्मा, ब्लॉक मीडिया प्रभारी दीपक पाठक , गुड्डू तिवारी, दिलीप बनर्जी दुर्गेश सहित गायत्री परिवार एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज को नैतिक मूल्यों पर आधारित बनाने और आध्यात्मिक चेतना को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।ज्योति कलश यात्रा ने क्षेत्र के विभिन्न



गांवों और स्थानों का भ्रमण कर लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत किया। यह यात्रा सत्थिन में राजकुमार कौशल के आवास से प्रारंभ होकर पूरे बख्तावर, आसाराम पांडे के यहां, जैनबगंज, अनंतराम, हरखूमऊ स्थित गायत्री मंदिर, जगपाल बाबा, इंदरिया, अमर बहादुर तिवारी एवं राजेंद्र प्रताप सिंह के यहां पहुंची। इसके अलावा पूरे रामदीन गांव में अवधेश मिश्रा, शुकुल बाजार में ध्रुव केश शर्मा व राजकुमार कौशल धर्मशाला, पांडेयगंज में मनोज तिवारी, भोजा तिवारी गांव, अंदीपुर के गायत्री मंदिर, हनुमान मंदिर में रमेश शुक्ला, पाली में सुनील साहू, तेंदुआ में रवि गिरी व जीत तिवारी में दिलीप तिवारी तथा पूरे रघु शुक्ल अभिषेक शुक्ला के यहां श्रद्धापूर्वक कलश का स्वागत किया गया। अंत में दीप यज्ञ, भजन–कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और ऊर्जावान बना रहा। श्रद्धालुओं को नैतिक जीवन, संयमित आचरण और सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया गया। रात्रि प्रवास, भोजन–प्रसाद वितरण और सामूहिक साधना के साथ यह कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। और सुबह टोली को विदाई दी गई।

# मजदूरी करने गए परिवार के घर में दबंगों ने किया कब्जा

## - विरोध करने पर दबंगों ने जमकर पीटा, पीड़ित परिवार एसपी से लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। घर में ताला लगाकर मजदूरी करने गए परिवार के मकान में दबंगों ने कब्जा कर लिया है मजदूरी करके जब परिवार घर वापस आया तो देखा कि घर किसी ने अपना कब्जा कर लिया कब्जा का विरोध करने पर दबंगों जानलेवा हमला कर दिया और कहा कि यहां तुम्हारे पति की कब्र बनाएंगे। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी आप बीती बताई है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि पीड़िता रुबीना पत्नी अली मोहम्मद निवासी .षि विश्वविद्यालय के सामने पेट्रोल पंप के बगल में अपने पुस्तैनी निवास में रह रही है। कुछ समय पहले मजदूरी करने के लिए बाहर अपने परिवार सहित गई थी जब लौट कर आई




तो देखा कि उसके मकान के आगे से लेकर अंदर तक दीवाल बनी हुई है तथा पीड़िता के मकान में ताला लगा हुआ है जिसका अवैध निर्माण गीता पटेल पुत्र शिवविलास पटेल निवासी भदेहदू तथा संदीप पटेल पुत्र श्यामलाल अर्जुनाह शशांक पटेल पुत्र अज्ञात इंदिरा नगर और कुछ अज्ञात लोगों द्वारा जबरन गुंड़ई करके कब्जा कर लिया गया। 12 अप्रैल को 10 बजे सुबह उक्त सभी लोग मौके पर आए और मेरी जमीन पर निर्माण करने लगे जब पीड़िता ने मना किया कि मेरे मकान मैं ताला क्यों लगाया है तो आक्रोशित होते हुए शिवम ने गाली गलौज करते हुए कहा तुम्हारे पति की यहां कब्रिस्तान बना देंगे और जान से मारने की नीयत से मेरे पति की गर्दन पड़कर जमीन पर पटक दिया और चारों लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पति बेहोश होकर गिर पड़ा जिसे गंभीर चोटे आए हैं। मांग है कि उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेकर कानूनी कार्रवाई करें।

# मुंब्रा मे ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध गतिविधियों पर कसा शिकंजा

सैयद समीर हुसैन
संवाददाता ठाणे। मुंब्रा इलाके में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए अब ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह एक्शन मुड में नज़र आ रही है। सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण, अवैध रिक्शा संचालन, सड़क किनारे खड़ी गैरकानूनी गाड़ियां और युवाओं द्वारा किए जा रहे खतरनाक स्टंट्स पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले ऐसा लगता था कि मुंब्रा में ट्रैफिक विभाग सक्रिय नहीं है, लेकिन हाल ही में ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अतुल आहिर के आने के बाद स्थिति बदलती दिख रही है। अब शहर के अलग–अलग इलाकों में ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

इस अभियान के तहत नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, बाइक स्टंट करने और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

हालांकि, मुंब्रा में पहले यह भी देखने को मिलता रहा है कि जब भी किसी पर कार्रवाई होती है, तो किसी न किसी जनप्रतिनिधि या सामाजिक व्यक्ति का दबाव अधिकारियों तक पहुंच जाता है, जिससे कार्रवाई प्रभावित होती है। लेकिन इस बार ट्रैफिक विभाग सख्ती के साथ काम करता नज़र आ रहा है।शहरवासियों की नज़र अब ट्रैफिक विभाग और विशेष रूप से वरिष्ठ अधिकारी अतुल आहिर पर टिकी हुई है। लोगों को उम्मीद है कि इस सख्ती से मुंब्रा में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा। बढ़ती आबादी के साथ शहर में सुधार की जरूरत भी बढ़ गई है। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और शहर को स्वच्छ रखने के लिए नागरिकों का सहयोग भी बेहद जरूरी है। मुंब्रा में ट्रैफिक सुधार के लिए अधिकारियों को दिए गए विशेष अधिकार

ठाणे जिले के मुंब्रा क्षेत्र में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए प्रशासन ने अब सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत स्थानीय अधिकारियों को सक्रिय रूप से काम करने के आदेश दिए गए हैं।

इसी क्रम में ट्रैफिक अधिकारी अतुल आहिर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें विशेष रूप से ठाणे ट्रैफिक पुलिस कमिश्नर पंकज नवनाथ शिरसाठ द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कहीं भी ट्रैफिक की समस्या नहीं होनी चाहिए।

कमिश्नर पंकज नवनाथ शिरसाठ ने कहा है कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाने पड़ेंगे, वे उठाए जाएंगे। इसके साथ ही जिले के सभी स्थानीय ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को आधिकारिक अधिकार प्रदान किए गए हैं, ताकि वे अपने–अपने क्षेत्रों में जिम्मेदारी के साथ प्रभावी कार्रवाई कर सकें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जहां उनकी आवश्यकता होगी, वहां वे स्वयं उपस्थित रहेंगे और स्थिति का जायजा लेंगे।

इन्हीं निर्देशों का पालन करते हुए अतुल आहिर अब मुंब्रा क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रशासन की इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में मुंब्रा सहित पूरे ठाणे जिले में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा।

# मंदिर की जमीन पर होने वाली अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। श्री कान्य कुब्ज भुर्जी वैश्य समिति द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर डीएम को ज्ञापन के माध्यम से बताया गया



कि शहर मुख्यालय के पहाड़ी बाबा व बुद्धराम कुंआ आश्रम से सटी पंच मढ़ी मंदिर की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने की नियत से 8 अप्रैल की शाम सात बजे स्थानीय लेखापाल की साठ गांठ से हनुमान जी मंदिर के सामने की खाली पड़ी जमीन पर नाप व कलई डलवा कर प्लाटिंग की जा रही है जो गलत हैं। भोजवाल समाज द्वारा बताया गया कि वह जमीन फक्कड़ महराज ने रजिस्ट्री व दान मे धर्मशाला बनवाने के लिए मिली थी। जिस पर भू माफियाओं की नजर लग गई। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ रामराज आनंद कोषाध्यक्ष संजय कुमार महासचिव अंशु गुप्ता उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद संरक्षक राम नारायण अवधेश भोजवाल अजय गुप्ता पप्पू सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

# आवारा कुत्तो ने मासूम पर हमला कर किया घायल

## – घायल बच्ची को उपचार के दौरान 30 से 32 टांके लगायें

न्यूज वाणी ब्यूरो
नानौता, सहारनपुर। बीती रात आवारा कुत्तो का आतंक देखने को मिला जिसमे एक कुत्ते ने दो वर्षीय बच्ची पर हमला कर गम्भीर रूप से घायल किया. घायल बच्ची को सिएची ले जाया गया जहां उसको उपचार के दौरान लगभग 30 से 32 टांके लगाये गए मोहल्ला शेखजादगान निवासी वलिया पुत्री तौफिक बीती रात गली में आईस क्रीम लेने घर से बहार निकली इतने में ही भीड़ के बीचो बीच कुत्ते ने बच्ची के गले पर हमला किया और बच्ची को गम्भीर रूप से घायल किया बच्ची की चींख पुकार सुनकर आस पास खड़े लोगो ने बच्ची को कुत्ते



से छुड़ाया और सीएचसी उपचार के लिये ले गए.उपचार के दौरान बच्ची के चेहरे को कुत्ते द्वारा गहरा घाव किया गया जिसमे डॉक्टर द्वारा उपचार के दौरान 30 से 32 टांके लगाये जाने की बात बताई जा रही है.बीती रात आवारा कुत्तो द्वारा छोटी बच्ची पर किये गए हमले से आस पास के सभी बच्चो में भय का माहौल है.स्थानीय लोगो ने घटना की निंदा करते हुए आवारा कुत्तो की बढती संख्या को घातक बताया यही आवारा कुत्ते आये दिन किसी न किसी गली मोहल्ले में किसी न किसी पर हमला करते है जिसका जीता जगता सबूत नानौता सीएचसी में रेबीज टिका लगायें जाने की संख्या है।

# सिटी रेलवे स्टेशन पर शराब तस्कर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो
गाजीपुर। रेलवे पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। यह अभियान पुलिस अधीक्षक रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्र के कुशल निर्देशन में तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे बलिया सविरत्न गौतम के पर्यवेक्षण में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सिटी रेलवे स्टेशन पर एक शराब तस्कर को गिरतार किया गया। जीआरपी थाना गाजीपुर सिटी की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आध ाार पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 के पूर्वी छोर पर स्थित रोलिंग



हट के पास छापेमारी की। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध देशी शराब बरामद की गई। गिरतार किए गए व्यक्ति की पहचान विनोद सदा पुत्र शंभु सदा, निवासी शेर पोस्ट शेर विजुलिया, थाना वहेरी, जिला दरभंगा राज्य बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही उसे हिरासत में ले लिया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 25 अदद देशी शराब बंटी जीरा मसाला की बोतलें बरामद की गईं, जिनकी प्रत्येक की मात्रा 200 मिली थी। कुल मिलाकर यह शराब लगभग 5 लीटर पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2000 रुपये बताई गई है। पुलिस ने सभी बरामद सामग्री को कब्जे में ले लिया है। इस मामले में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 07/26 धारा 60(1) एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की आवश्यक विधि ाक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी विनोद सदा ने बताया कि बिहार में शराबबंदी लागू होने के कारण वह ट्रेन के माध्यम से शराब लाकर ऊंचे दामों पर बेचता था। उसने स्वीकार किया कि इसी अवैध कारोबार से वह अपने परिवार का भरण–पोषण करता है। हालांकि पुलिस ने उसे गिरतार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर में स्कूल चलो अभियान रैली का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो
तंबौर, सीतापुर। प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर विकास क्षेत्र बेहटा में स्कूल चलो अभियान रैली का हुआ आयोजन। इस आयोजन में समस्त




ग्राम पंचायत में स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर अभिभावकों और बच्चों को नवीन नामांकन के प्रति प्रेरित/जागरूक किया गया। रैली को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जुनैद अहमद ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल से गांव की तरफ रवाना किया। रैली को आकर्षक बनाने के लिये कलरफुल स्लोगन, तख्ती, बैनर और झंडी का उपयोग किया गया। साउंड द्वारा स्लोगन बच्चे व अध्यापक बोलते हुये गांव के व्यक्तियों को जागरूक किया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक डॉ इन्द्रसेन सिंह ने कहा विभाग द्वारा दिये गए नवीन नामांकन के लक्ष्य को समय से प्राप्त करने में स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली बहुत ही कारगर सिद्ध होगी। रैली से अभिभावकों और बच्चों में उत्साह बढ़ेगा और समय से नवीन नामांकन कराएंगे। इस मौके पर सहायक अध्यापक सोनू कुमार, नरेश कुमार नोडल शिक्षक संकुल, शिव प्रताप सिंह, रामकुमार वर्मा, सुशील पाण्डेय, शिक्षामित्र इजहार अहमद, आंगनबाड़ी सुमन देवी, गुलनाज बानो, सहायिका गोमती देवी, अनीता देवी रामदुलारे यादव, एखलाख खान, प्रबंध समिति अध्यक्ष मोहम्मद अहमद, उपाध्यक्ष राम प्रताप मिश्र व रसोइया सहित कई वरिष्ठ अभिभावक उपस्थित रहे।

# अपहरण कर मारपीट करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

## – घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन अल्टो कार बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नरैनी .ष्णकांत त्रिपाठी के निकट पर्यवेक्षण में थाना नरैनी पुलिस द्वारा व्यक्ति का अपहरण कर मारपीट करने वाले एक वांछित अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 12 अप्रैल को कस्बा नरैनी के रहने वाले राजाराम गर्ग ने थाना नरैनी पर अपने पुत्र के कुछ लोगों द्वारा अपहरण कर मारपीट करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना नरैनी में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज घटना में शामिल एक अभियुक्त जगमोहन पुत्र गज्जू निवासी कालिंजर रोड कस्बा व थाना नरैनी को कस्बा नरैनी से गिरतार किया गया। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरतारी के प्रयास किए जा रहे है। पकड़े गए अभियुक्त पर मु0अ0सं0 68/26 धारा 140(1), 115(2), 351(3) बीएनएस थाना नरैनी में अभियोग दर्ज किया गया। पकडने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राम दिनेश तिवारी, कां0 अजय यादव, कां0 सुशील वर्मा शामिल रहे।

# दहेज की लालच में सना को जिंदा जलाकर की हत्या

## – अब आरोपी मृतका के पिता को जान से मारने की दे रहे धमकी
## – पीडित पिता ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एक और सनसनी खेज मामला सामने आया है। जहां पर पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पोडाबाग इलाके में एक दहेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता की जलाकर हत्या कर दी गई थी। पीड़ित पिता मुश्ताक राईन ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी सना की हत्या उसके ससुराल वालों ने की है और अब उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मुश्ताक राईन ने पुलिस अधीक्षक बांदा को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनकी बेटी सना की शादी 10 साल पहले जमील उर्फ बबलू से हुई थी। 31 मार्च 2026 को सना की जलाकर हत्या कर दी गई और अब आरोपी फरार हैं। पीड़ित पिता का आरोप है कि आरोपियों में से तीन जमील उर्फ बबलू, इमरान उर्फ शानू और इरफान उर्फ रीनू अभी भी फरार हैं और उन्हें धमकी दे रहे हैं कि अगर उन्होंने इस मामले को निपटाया नहीं तो उन्हें भी जान से मार दिया जाएगा। मुश्ताक राईन ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है कि उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा की जाए और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरतार किया जाए।

# फार्मेसी विद्यार्थियों ने मसूरी-हरिद्वार में लिया ज्ञान व आनंद

## – गंगा आरती, कैंप्टी फश्वल्स व गन हिल के साथ पहाड़ी वनस्पतियों की मिली जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तेजवापुर ब्लाक के बहराइच–सीतापुर मार्ग के सबलापुर स्थित डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्र–छात्राएं तीन दिवसीय औद्योगिक भ्रमण पर निकले हैं, जहां वे शैक्षणिक ज्ञान के साथ–साथ प्रा.तिक एवं सांस्.तिक अनुभव भी प्राप्त कर रहे हैं। भ्रमण के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने हरिद्वार में मां गंगा की भव्य आरती में सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। इसके पश्चात छात्र–छात्राएं मसूरी पहुंचे, जिसे पहाड़ियों की रानी कहा जाता है। यहां उन्होंने प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कैंप्टी फॉल्स और गन हिल का भ्रमण किया तथा प्रा.तिक सौंदर्य का आनंद उठाया। भ्रमण के दौरान संस्थान के प्राचार्य डा. अशोक कुमार त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष (एचओडी) शिवमूर्ति सिंह एवं शिक्षिका शालू त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाने वाली विभिन्न औषधीय वनस्पतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन पौधों का फार्मेसी क्षेत्र में विशेष महत्व है, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। संस्थान के चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला, डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला, मैनेजर आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी एवं एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी ने इस शैक्षणिक भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आरएसएस का भव्य पथ संचलन, जगह-जगह हुआ स्वागत

## – डॉ. अभिलाषा वर्मा ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का किया अभिनंदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार शाम भारतीय नववर्ष एवं वर्ष प्रतिपदा (विक्रम संवत 2083) के पावन अवसर पर महाराज सिंह इंटर कॉलेज से भव्य पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन और एकरूपता का परिचय दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। पथ संचलन मार्ग पर जगह–जगह स्थानीय लोगों द्वारा स्वयंसेवकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष एवं स्पार्क कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. अभिलाषा वर्मा ने भी स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने इस आयोजन को समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को सुदृढ़ करने वाला बताया। पथ संचलन के माध्यम से संघ ने समाज को संगठित रहने और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

# डॉक्टर की लापरवाही से कटा मासूम बच्ची का पैर

## – डीएम के आदेश के बाद डॉक्टर पर रिपोर्ट दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र से एक व्यक्ति द्वारा अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत होकर सूचना दी गई थी कि जनपद में नियुक्त एक डाक्टर की लापरवाही के चलते उनकी बेटी के पैर को काटना पड़ गया था। सूचना पर जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई जिसके क्रम में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त किया गया है। आगे की विधिक कार्यवाही प्रचलित है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने जानकारी दी है।

# स्कूल किट पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शिक्षा ही भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है इसी संकल्प के साथ शिक्षा के नवीन सत्र प्रारंभ होने पर हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था की टीम ने आज नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मर्दननाका में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा सामग्री एवं स्नैक्स आदि वितरित किए। वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था की ओर से बच्चों को स्टेशनरी के रूप में कॉपियां, पेंसिल,रबर,कटर,रंग एवं स्नेक्स में केक,नमकीन आदि का वितरण किया शिक्षण से संबंधित आवश्यक सामग्री वितरित की गई स्कूल किट पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने कार्यक्रम की सफलता को और भी विशेष बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के नेत्र सर्जन डॉ मोहम्मद मस्जूद साहब उपस्थित रहे एवं उन्होंने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि "ऐसे कदम न केवल बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हैं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाते हैं।"




विशिष्ट अतिथि श्री राजेश कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी रहे। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के कनिष्ठ लिपिक प्रवीण शुक्ला, सुमित कुमार, प्रा0वि0 मर्दनाका के प्रधानाध्यापक नारायण दास गुप्त, शिक्षामित्र शहनाज कुरैशी एवं आयोजन समिति हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था के पदाधिकारियों में संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान,वरिष्ठ सहयोगी सुनील सक्सेना, वरिष्ठ सहयोगी नजरे आलम उपाध्यक्ष जावेद खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान,सचिव उमर अली,शाखा प्रमुख मर्दननाका मोहम्मद नफीस,महामंत्री शहबाज खान हनी,कानूनी सलाहकार एड0 समीर उल हक,शाखा प्रमुख खाईपार अली खान,उरूज, सलाहकार आरिफ, कोषाध्यक्ष अनस उल्ला खान,शाखा प्रमुख सनी, संगठन मंत्री शेख रिजवान,शाखा प्रमुख हसीब, उस्मान,शाखा प्रमुख अजहर, उपसचिव गफार खान, उपसचिव आसिफ मसूदी,उपाध्यक्ष कलीम उल्ला खान,शादाब हुसैन, आदि सक्रिय रूप से सहयोगी रहे। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी साहब ने संस्था के कार्यों एवं पूरी टीम की सराहना की संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान ने कहा संस्था हमेशा से समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए समर्पित रहा है सहयोगियों की मदद से संस्था आगे भी शिक्षा,स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में इसी तरह के जनहितकारी कार्य करता रहेगा। अंत में संस्था की पूरी टीम ने शिव .ष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर श्री अरुणेश सिंह का आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से ये कार्यक्रम का आयोजन किया जा सका।

# दिव्यांगों के लिए योगी सरकार का बड़ा तोहफा

## - अब दिव्यांगों की राह होगी आसान, सरकार देगी फ्री व्हीलचेयर व स्मार्ट केन
## - दिव्यांगों को जल्द मुत में मिलेंगे ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश की योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए मदद का पिटारा




खोल दिया है। जिले के दिव्यांगों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित .तिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत जल्द ही अब आधुनिक सहायक उपकरण और ट्राईसाइकिल का मुत वितरण किया जाएगा। योगी सरकार के इस कदम से न केवल दिव्यांगों की राह आसान होगी बल्कि उनके जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार भी होगा। स्मार्ट केन से लेकर व्हीलचेयर तक, सब कुछ मिलेगा मुत बांदा जिला प्रशासन ने सरकार की मंशानुरूप दिव्यांगों के लिए दिए जाने वाले सहायक उपकरणों की प्रक्रिया की तेज कर दी है। योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन और .त्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी दिव्यांग अपनी शारीरिक अक्षमता के कारण पीछे न छूटे। जिला प्रशासन ने जारी की पात्रता और आवेदन की प्रक्रिया की गाइडलाइन जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार वे सभी व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है वे इस योजना के पात्र होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपये और शहरी क्षेत्र के लिए 56460 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। पात्र व्यक्ति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फौरन ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, सीएमओ द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र और फोटो जैसे जरूरी दस्तावेज लगाने अनिवार्य होंगे। वहीं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आवेदनों के सत्यापन के बाद जल्द ही सामग्री क्रय कर पात्रों को वितरित की जाएगी। सरकार की इस पहल से जनपद के सैकड़ों दिव्यांगों के जीवन में सुगमता आने की उम्मीद है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज बहादुर सिंह ने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें पिछले 3 वर्षों में विभाग से कोई उपकरण प्राप्त नहीं हुआ है वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि विद्यार्थियों के लिए 3 साल की यह समय सीमा लागू नहीं होगी। योजना के तहत ट्राई साइकिल, बैसाखी, हैंड स्टिक, कान की मशीन और नेत्रहीनों के लिए स्मार्ट केन का वितरण किया जाएगा।

# पंचायत चुनाव में देरी पर प्रधानों का आक्रोश

## - कार्यकाल विस्तार व मनरेगा भुगतान की उठी जोरदार मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पंचायत विकास मंच के बैनर तले बलहा और शिवपुर ब्लॉक के प्रधानों ने पंचायत चुनाव में हो रही देरी को लेकर कड़ा विरोध जताया। प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकाल बढ़ाने और मनरेगा के लंबित भुगतान को शीघ्र जारी करने की मांग की। बलहा विकासखंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानों ने कहा कि यदि समय पर पंचायत चुनाव नहीं कराए जाते हैं, तो वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक के रूप में कार्य जारी रखने की अनुमति दी जाए, ताकि विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहे। कार्यक्रम संयोजक सूरज शुक्ला,डा. श्याम चौधरी प्रधान संघ के अध्यक्ष भगवानदीन समेत अन्य प्रधानों ने बताया कि मनरेगा 2005 के अंतर्गत कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। श्रमांश व सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया हो गए हैं, जिससे आपूर्ति करने वाले फर्मों का दबाव बढ़ता जा रहा है। 26 मई 2026 को कार्यकाल समाप्त होने से पहले भुगतान न होने पर गंभीर आर्थिक संकट की आशंका जताई गई। ज्ञापन में मतदाता सूची पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और 'ट्रिपल टेस्ट' प्रक्रिया अधूरी रहने को चुनाव में देरी का कारण बताया गया। संगठन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कार्यकाल बढ़ाने की मांग दोहराई। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष भगवान दिन मिश्रा, रामसुंदर पांडेय, सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू सिंह), गुलाम वारिस, ब्लॉक अध्यक्ष बलहा सादिक हुसैन, ब्लॉक महामंत्री मेराज खान, रामनारायण यादव, गुड्डू चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष शिवपुर कमला प्रसाद वर्मा, राज कुमार राव, मंगल दास, राम छबीले निषाद, कोमल निषाद, अफान खान, सलमान, कलीम, झब्बर सहित बड़ी संख्या में प्रधान व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा धूमधाम से मनाएगी डा. अंबेडकर जयंती

## - एक दिन पूर्व की गई मूर्ति स्थल की साफ सफाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। भारतीय जनता पार्टी पूरे जिले में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाएगी। जिसके तहत एक दिन पूर्व मूर्तीयों एवं आसपास के स्थलों की साफ सफाई की गई। साथ दीप जलाये गये। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना ने बताया कि डाव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को जिले के सभी बूथों पर बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ संबिधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल से विशेष संपर्क अभियान की शुरुवात की जाएगी जिसके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँचकर सम्बाद किया जायेगा। वहीं जिले में 16 व 17 अप्रैल को चारों विधानसभाओं में विधानसभा स्तर पर संगोष्ठीयां आयोजित की जाएगी जिसमें प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों से भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस सम्पूर्ण अभियान की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र पाण्डेय को सौंपी गई है। बाँदा विधान सभा का सम्मेलन देवी मंदिर परिसर गिरवां, तिंदवारी विधानसभा का सम्मेलन ब्लाक सभागार तिंदवारी, बबेरू विधानसभा का सम्मेलन मैरिज हाल बबेरू तथा नरैनी विधानसभा का सम्मेलन ब्लाक सभागार नरैनी में होगा। डा. अम्बेडकर जयंती के एक दिन पूर्व



सभी मूर्तियों एवं आस पास के स्थलों की सफाई की गई। शाम को मूर्ति स्थलों पर दीप जलाये गये एवं रोशनी की गई। कार्यक्रम की तैयारी हेतु भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

# उत्थान आडिटोरियम में हुआ नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कपूरथला परिसर स्थित उत्थान मल्टीपर्पज आडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सांसद डॉ. आनन्द गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, निर्वाचित सभासदगण की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद बहराइच अन्तर्गत शासन द्वारा नामित सभासदों फीगंज निवासी नितिन रूपानी, चिक्कीपुरा नि. सुनील श्रीवास्तव, घसियारीपुरा नि. रीति निगम, गुदड़ी नि. बैजनाथ रस्तोगी व विपिन यज्ञसैनी को नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी द्वारा विधिवत शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण समारोह में नामित सदस्यगणों द्वारा नगर के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी–अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन, नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के अध्यक्ष का हुआ जनपद आगमन

## – भाजपा सरकार पर साधा निशाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष अलंकर अग्निहोत्री पूर्व पीसीएस का आगमन बांदा शहर के दनादन हाउस डॉ संजय द्विवेदी दनादन के निवास पर में हुआ। सर्वप्रथम उनके द्वारा जनपद के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिकारी पंडित गोपीनाथ दनादन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रबुद्धजनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश व




प्रदेश में भाजपा सरकार निरंतर ब्राह्मण एवं समान वर्ग के लोगों का उत्पीड़न कर रही है ललितपुर के विष्णु तिवारी जो उनके साथ चल रहे हैं उन्होंने बताया कि एससी एसटी एक्ट के तहत उन्हें जेल भेजा गया और 21 वर्ष तक जेल में रहकर दोष मुक्त हुए जेल अवधि के दौरान माता–पिता एवं भाइयों का निधन हो गया लेकिन पैरोल तक नहीं दी गई। इस प्रकार प्रदेश में लाखों लोग इस एक्ट से परेशान है और आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यूजीसी कानून समान वर्ग के बच्चों का भविष्य अंधकार में करने की साजिश है। जिसका विरोध निरंतर जारी रहेगा और अधिकार मोर्चा का विस्तार तेजी से किया जा रहा है प्रदेश की 403 सीटों पर राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा चुनाव लड़ेगी और समान विचारधारा रखने वाली पार्टी से गठबंधन भी हो सकता है देवी देवताओं के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने वालों का राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा में कोई स्थान नहीं होगा। इस अवसर पर सभी लोगो ने माल्यार्पण कर स्वगत किया जिसमे प्रमुख लोग उपस्थित रहे राजेश दीक्षित संकटा प्रसाद त्रिपाठी भगवान दीन गर्ग प्रेम सागर दीक्षित सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट रमेश द्विवेदी एडवोकेट प्रेमचंद पांडे संतोष द्विवेदी अनिल कुमार त्रिपाठी एसके दुबे बलराम दीक्षित राजीव द्विवेदी अनिल तिवारी दुर्गेश तिवारी कमलेश कुमार त्रिपाठी हरिशंकर अमन शर्मा गिरजा शंकर मिश्रा बाल.ष्ण पांडे श्यामलाल त्रिपाठी आनंद तिवारी दुर्गेश कश्यप मनीष निगम उदय प्रकाश द्विवेदी चंद्र ज्ञानचंद शुक्ल आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे रहे।

# स्कूल में वाटर कूलर लगने से बच्चों को मिली राहत



न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। सराय भूपत कटेखेड़ा की ग्राम प्रधान वीना यादव द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) सराय भूपत में वाटर कूलर लगवाकर उसका शुभारंभ किया गया। इस पहल से भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू यादव ने प्रधान वीना यादव का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अजय यादव उर्फ टीडब्ल्यू ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह बच्चों के हित में बेहद प्रेरणादायक और सराहनीय कदम है। प्रधान वीना यादव ने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों को शीतल जल उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा और स्कूल आने के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा। विद्यालय के बच्चों ने तालियां बजाकर प्रधान का स्वागत किया और उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। इस मौके पर मंजू यादव, प्रेम चंद्र पप्पन, रचना गुप्ता, दीप अवस्थी, नीलम, वंदना यादव सहित अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने मिठाई खिलाकर प्रधान का सम्मान किया।

# कार्यकर्ता, कार्यक्रम व कार्यालय ही संगठन का आधार : विवेक

## - अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने वरिष्ठ व्यापारी की पुण्यतिथि पर दी विनम्र श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई डलमऊ के संगठन की वर्ष 2026 की पहली बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदामा साहू ने की। मुख्य अतिथि के भूमिका में जिला प्रभारी विवेक शर्मा, विशिष्ट अतिथि अप्पू शर्मा, शानू बाजपेई उपस्थित रहे। अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने सभी अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। लगभग तीन घंटे चले इस कार्यक्रम में व्यापारियों ने मुख्य अतिथि के सामने अपनी मांगे राखी। व्यापार मंडल के इस कार्यक्रम में संगठन की कार्यकारिणी ,व्यापारियों की समस्या, कस्बे में लगने वाले जाम, संगठन को प्रभावी बनाने के लिए प्रयास आदि कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मौजूद विवेक शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता कार्यक्रम और कार्यालय ही संगठन का आधार। संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की जाएगी। नगर प्रभारी रानू शर्मा हर महीने बैठक कराने का सुझाव दिया। जिस पर सभी उपस्थित लोगों की सहमति से प्रत्येक माह की 15 तारीख को मासिक बैठक तय की गई। मुख्य अतिथि विवेक शर्मा ने सभी व्यापारियों की समस्या को सुना भी और जाम के कारण डलमऊ के चौपट हो चुके बाजार को जल्द से जल्द जाम से मुक्त करने के लिए बायपास की मांग की जाएगी ऐसा आश्वाशन भी दिया। मुकेश सोनी ने मजबूत संगठन की मांग की। बैठक में नई कार्यकारिणी पर विचार किया गया। जिला उपाध्यक्ष संदीप मिश्र ने कहा कि हम जब तक हम है तब तक हम में दम है तथा डलमऊ में हो रही व्यापारी की कई समस्याओं को संगठन के सामने रखी। संगठन को मजबूती देने के लिए आशीष जायसवाल के कंधों पर युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी रखी गई। व्यापार मंडल की बैठक में वरिष्ठ एवं सम्मानित सबके प्रिय व्यापारी राजेंद्र दादा (राजेंद्र होटल) की चौथी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रामगोपाल वैश्य ने बताया कि राजेंद्र दादा से हमेशा एक बड़े भाई के रूप में आशीर्वाद मिला। वो हमेशा हमारे मार्गदर्शक के रूप में प्रेरणा देते रहेंगे। बड़े बूढ़े हर कोई उनको प्यार से दादा कहता था और उन्होंने दादा होने फर्ज भी निभाया। हमारे दादा हमरे अभिमान है। जिला उपाध्यक्ष संदीप मिश्र ने बताया कि राजेंद्र दादा हम सबके प्रिय थे। उनका जाना डलमऊ के लिए कभी न भर पाने वाली क्षति है। उनका पूरा जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा श्रोत है। कार्यक्रम में सरयू प्रसाद सोनकर, समरजीत जायसवाल, मोबाइल, टेशू दीक्षित, विनेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, पथवारी शंकर, सुनील होंडा, राजन



जायसवाल, मो सईद, दिनेश मौर्य, अरविंद अग्रवाल, संदीप मिश्रा, आदित्य यादव, आशुतोष गुप्ता, जितेंद्र यादव, ऋतिक जायसवाल, दीपू जायसवाल, नामित सभासद पवन जायसवाल, बॉबी पंडित, राहुल गुप्ता (गोल्डी), संदीप अग्रहरि, सुनील गुप्ता (एडवोकेट), टीटू अग्रवाल, शक्तिमान वैश्य, सीताराम कौशल, संतोष कौशल, मुकेश सोनी, शैलेन्द्र कुमार, सुशील जायसवाल मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री संदीप बंसल का स्वागत यात्रा के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों पर फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। शास्त्री चौराहा से नौरंगाबाद साबितगंज तहसील चौराहा होते हुए कार्यक्रम स्थल माया मैरिज होम पर आयोजित कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। स्वागत यात्रा में प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री शोभित टंडन युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन डॉ हरिशंकर पटेल युवा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाह युवा प्रदेश मंत्री पंकज कुशवाहा नगर प्रभारी संजय वर्मा नगर अध्यक्ष सुदर्शन जैन यामीन रिंकू चौधरी विमलेश जैन विजय जैन संतोष पटेल बृजेंद्र यादव ऋषि पोरवाल वरुण राज रामशरण गुप्ता आलोक गुप्ता कल्लू संतोष कुमार वर्मा अशोक शीलू शर्मा संजीव त्रिपाठी सोनू मिश्रा प्रवीण द्विवेदी प्रिंस राठौर आकाश वर्मा महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा महिला जिला महामंत्री वर्षा दुबे महिला जिला कोषाध्यक्ष रेनू शुक्ला महिला जिला संरक्षक सुशीला राजावत मीरा तिवारी अंजू यादव सिम्मी सहित सैकड़ो की संख्या में महिला व्यापारी शामिल रहे।



# धूप से बचने के लिए ट्रॉली के नीचे बैठे किसान की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

असोथर, फतेहपुर। थाना असोथर क्षेत्र के ग्राम सभा सरकंडी (मुजरा मैंकुवापुर खभरा) में सोमवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। गेहूं से लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली अचानक पलटने से उसके नीचे बैठे एक किसान की दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया तथा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगभग 60 वर्षीय राम औतार पुत्र खड़कू निषाद खेत में कार्य के दौरान तेज धूप से बचने के लिए ट्रैक्टर–ट्रॉली के नीचे बैठ गए थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से गेहूं लदी ट्रॉली पलट गई, जिससे वह उसके नीचे दब गए। हादसा इतना भीषण था कि किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रो–रोकर उनका बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला कर्मी ने कराया सुरक्षित प्रसव, एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोमवार को करीब तीन बजे ब्लॉक तेलियानी के बादलपुर गाँव के निवासी सोनम देवी 30 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर 102 एम्बुलेंस बुलाई थी। जिसमें गर्भवती महिला को अस्तपाल ले जाते समय तेज प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर ई.एम.टी आराधना देवी ने सड़क के किनारे एंबुलेंस खड़ी करके अपनी सूझ–बूझ के साथ ऑनलाइन चिकित्सा डॉ रस्तोगी व परिजनो के माध्यम से सुरक्षित प्रसव कराया। उसके बाद ई.एम.टी आराधना देवी और पायलट मनोज कुमार द्वारा जच्चा बच्चा को नजदीकी स्वाथ्य केंद कोराई में सुरक्षित भर्ती कराया। स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर जच्चा के पति रामप्रकाश एवं अस्पताल स्टाफ ने ई.एम.टी व पायलट की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद किया। एम्बुलेंस संचालक संस्था ई०एम०आर०आई०ग्रीन०हैल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार ने बताया कि 102 सेवा पूरी तरह से निःशुल्क है। 102 एम्बुलेंस गर्भवती महिलाओं व 2 साल तक के बच्चों को घर से सरकारी अस्पताल ले जाती है और वापस घर भी छोड़ती है। आकस्मिक स्थिति के लिए एम्बुलेंस में डिलीवरी किट उपलब्ध रहती है और एम्बुलेंस स्टाफ इसके लिए प्रशिक्षित हैं। इसलिए डिलीवरी के मामले में सभी 102 एम्बुलेंस का प्रयोग करना चाहिए। वहीं, 108 एम्बुलेंस सेवा से किसी भी प्रकार की इमरजेंसी में सरकारी अस्पताल जाने के लिए एम्बुलेंस की मदद ली जा सकती है। यह सेवा भी पूरी तरह से नि शुल्क है।



# धान बिक्री में हीलाहवाली की डीएम से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। धान बिक्री में हीलाहवाली किए जाने की एक महिला किसान ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए एएमओ से धान बिक्री की धनराशि दिलाए जाने या धान वापसी किए जाने की मांग की गई है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में महिला किसान कुन्ती देवी पत्नी स्व0 गया प्रसाद निवासी बुधरामऊ ने बताया कि वह 15 दिसंबर 2025 को धान मंडी परिसर में धान बेंचने के लिए डाल दिया था। इस प्रकरण में एएमओ सदर के क्रय केन्द्रों में लगभग 160 बोरी धान विक्रय के लिए दिया है। जिसमें एएमओ सदर द्वारा लगातार आज कल प्रतिदिन बुला रहे हैं। न ही धान दिया जा रहा है और न ही धान बिक्री की राशि खाते में भेजी जा रही है। इस संबंध में बात की तो उनके द्वारा अपषब्दों का प्रयोग किया गया। जिससे वह बेहद परेशान है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से धान बिक्री की धनपराशि दिलाए जाने या धान वापसी किए जाने की मांग की।




# नारी शक्ति के सम्मान में गूंजा सम्मेलन, महिलाओं में दिखा उत्साह

## - पीएम के संबोधन ने बढ़ाया आत्मविश्वास, सशक्तभारत की ओर बढ़ता कदम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन सदर विधायक सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक लेने जा रहा है, जो नारी शक्ति को समर्पित है। उन्होंने इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि देश एक ऐसे नए भारत के निर्माण की ओर अग्रसर है, जहां सामाजिक न्याय केवल नारा नहीं बल्कि वास्तविकता बनेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में नई संसद में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक–तिहाई सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया गया है। साथ ही 16 अप्रैल को प्रस्तावित विशेष सत्र में इस दिशा में आगे की प्रक्रिया पर विचार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पहल से देश की करोड़ों माताओं एवं बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है और वे नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर महिलाओं के नाम पर दिए जा रहे हैं तथा शिक्षा व्यवस्था में भी माता का नाम दर्ज करने जैसी सकारात्मक पहलें की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है, जबकि मुद्रा योजना के अंतर्गत 60 प्रतिशत से अधिक ऋण महिलाओं को प्रदान किए गए हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने के प्रयासों से अब सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जनप्रतिनिधि, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।





# भाजपा कार्यालय में सुना नारी शक्तिसम्मेलन का लाइव प्रसारण

## - महिला सशक्तिकरण पर ऐतिहासिक कदम बताया गया अधिनियम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने से पहले दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण भारतीय जनता पार्टी जनपद कार्यालय पर सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में एवं जिला उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को कार्यकर्ताओं एवं मातृ शक्ति ने उत्साहपूर्वक सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है, जो अतीत के संकल्पों को साकार करते हुए भविष्य के लक्ष्यों को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि समतामूलक भारत का निर्माण किया जा रहा है, जहां सामाजिक न्याय केवल नारा न होकर कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनेगा। प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर महिलाएं कार्य कर रही हैं और देश की गरिमा को बढ़ा रही हैं। लाइव प्रसारण के उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने उपस्थित मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि दशकों का इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में नारी शक्ति की भूमिका और अधिक सशक्त होगी। कार्यक्रम के समापन पर जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य ने सभी उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अधिनियम से विधायिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ेगी और देश के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिला मंत्री मधु तोमर, प्रीति दुबे, महिला मोर्चा महामंत्री अनीता जाटव, उपाध्यक्ष नीतू नारायण मिश्रा, राधा पाल, सभासद पूनम पांडेय, मंत्री सोनिया चक, सोनी कठेरिया, कोषाध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।




# कांग्रेस कार्यालय में दो महान हस्तियों को श्रद्धांजलि

## - जलियांवाला बाग शहीदों को भी किया गया नमन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला कांग्रेस कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा मोहसिना किदवई एवं प्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि आज देश ने दो महान हस्तियों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेस नेत्री मोहसिना किदवई ने महिला उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए और महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का लगातार प्रयास किया। वहीं आशा भोंसले ने अपनी गायकी के माध्यम से समाज और देश को नई दिशा देने का कार्य किया तथा अपनी कला से लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों के निधन से देश ने दो अनमोल रत्न खो दिए हैं, जिनकी भरपाई कभी संभव नहीं है। शहर अध्यक्ष मो. राशिद ने कहा कि दोनों महान महिलाओं ने अपने–अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया.एक ने राजनीति में तो दूसरी ने संगीत के माध्यम से देश का नाम रोशन किया। कार्यक्रम को पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, कोमल सिंह कुशवाह, करण सिंह राजपूत, पल्लव दुबे सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान जलियांवाला बाग कांड के शहीदों को भी दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में आशाराम कठेरिया, रणवीर यादव, शौजफ रिजवी, प्रदीप द्विवेदी, सरवर अली, अमन तिवारी, जितेंद्र यादव सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# आसलपुर में गूंजा स्कूल चलो अभियान का बिगुल

## - रैली ने जगाई शिक्षा की अलख, नामांकन बढ़ाने का संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास खंड बहुआ के अंतर्गत कंपोजिट स्कूल आसलपुर में स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित जागरूकता रैली का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन क्षेत्र में शैक्षिक जागरूकता की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ और पूरे सेवित क्षेत्र में शिक्षा के प्रति नई चेतना का संचार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हसवां विकास पासवान एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान आसलपुर बुद्धप्रकाश मौर्य की उपस्थिति में रैली को विशेष ऊर्जा मिली। अपने संबोधन में अतिथियों ने शिक्षा को समाज की रीढ़ बताते हुए शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए जन–जागरूकता पर जोर दिया। रैली का नेतृत्व इंचार्ज प्रधानाध्यापक पंकज पासवान ने किया। शिक्षक शुभम शर्मा, राजसिंह, अरुणेश कुमार तिवारी, पूजा श्रीवास्तव, शांभवी सिंह, धीरेंद्र सिंह, सीमा सिंह एवं रेखा देवी के सहयोग से निकली यह रैली पूरे क्षेत्र में शिक्षा के नारों से गूंज उठी। रैली के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लोगों को बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम ने न केवल अभिभावकों को जागरूक किया, बल्कि बच्चों में भी विद्यालय जाने के प्रति उत्साह और नई प्रेरणा का संचार किया। यह आयोजन बाल अधिकारों और सर्वशिक्षा के संकल्प को मजबूत करने वाली एक उत्कृष्ट पहल के रूप में सामने आया, जिसने क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार किया।




# ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन का ऐतिहासिक कदम

## - निर्धन प्रतिभाओं को मिला सुनहरा अवसर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करते हुए ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन ने अति निर्धन एवं प्रतिभावान बच्चों के लिए आवासीय सुविधा के साथ समग्र प्रशिक्षण व्यवस्था शुरू की है। नई तहसील भैरमपुर रोड स्थित राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान में निःशुल्क आवास, कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पुस्तकालय सुविधा एवं नियमित खेल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। चयनित बच्चों का प्रवेश राजकीय इंटर कॉलेज में कराया गया। जहां वे योग्य शिक्षकों से शिक्षा प्राप्त करेंगे। विद्यालय समय के अतिरिक्त संस्था के प्रशिक्षक सुबह–शाम विशेष मार्गदर्शन एवं खेल अभ्यास कराएंगे। जिसके लिए खेल मैदान में चार सौ मीटर का ट्रैक, लेदर बॉल के लिए टर्फ विकेट एवं नेट प्रैक्टिस के लिए सीमेंट की पिच तैयार की गई है। इसके अलावा फुटबॉल और कंप्यूटर दक्षता के लिए कुशल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय महानिदेशक एबी बाबू ने बताया कि अब आर्थिक अभाव, प्रतिभा की राह में बाधा नहीं बनेगा। वरिष्ठ संरक्षक शिव स्वरूप एवं अधिवक्ता जितेंद्र कुमार की देखरेख में यह पहल सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। यह प्रयास केवल प्रवेश तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को शिक्षा, अनुशासन और खेल कौशल से सशक्त बनाकर उन्हें नई पहचान दिलाने का संकल्प है। ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन शिक्षा और खेल के माध्यम से बच्चों के भविष्य निर्माण की ओर अग्रसर है।



# उद्योग व्यापार मंडल की मासिक बैठक में संगठन का हुआ विस्तार

## – सर्वेश स्वर्णकार सर्राफा व अजीत जैन बने किराना यूनियन अध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष .ष्ण मुरारी गुप्ता के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं विस्तार के विषय में चर्चा हुई। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कुछ वरिष्ठ व्यापारियों को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी। जिलाध्यक्ष .ष्ण मुरारी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार के मुखिया योगी एवं मोदी व्यापारियों के हित में तमाम योजनाएं चलाने का कार्य कर रहे हैं।




व्यापारियों को व्यापार बढ़ाने के लिए तमाम अवसर दिए जा रहे हैं। लेकिन कुछ भ्रष्ट अधिकारी सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों को हम सभी व्यापारियों को मिलकर जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर व्यापारी बंधुओ की महीने में तीन बैठक होती हैं,जिसमें व्यापारी बन्धु अपनी समस्याएं रखते हैं,लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अभी तक व्यापारियों को संतुष्ट करने का जवाब नहीं मिल पा रहा है,अभी भी खाद्य विभाग के अधिकारियों की बेवजह वसूली चल रही है जिसे रोका जाए। उन्होंने सर्वसम्मति से जिला व शहर में प्रमुख व्यापारियों को जिम्मेदारियां सौंपी,जिसमें सर्वेश वर्मा को सर्राफा यूनियन का अध्यक्ष अजीत जैन को किराना एसोसिएशन का अध्यक्ष एवं राजेश गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी,गोपाल पोरवाल जिला मंत्री, सुशील यादव व तेजपाल राजपूत को जिला संगठन मंत्री,घनश्याम दास केसरवानी,दीपक जैन,अशोक अग्रवाल को नगर इकाई में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई।बैठक का संचालन महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रमुख व्यापारी जयप्रकाश जैन,शिवकांत दुबे,राजेश अग्रवाल,आलोक गुप्ता, संतोष सोनी जिला उपाध्यक्ष, आनंद पोरवाल युवा प्रदेश उपाध्यक्ष,युवा जिला अध्यक्ष गोविंद दुबे,युवा महामंत्री राजीव वर्मा, राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष, शिवनंदन भदोरिया,संतोष पोरवाल,उमेश भदोरिया,बबलू त्रिपाठी,सुनील पोरवाल, मुकेश बंसल,राजीव भदोरिया,रामचंद्र पोरवाल,घनश्याम दास केसरवानी, विनीत मित्तल,राजीव अग्रवाल, कपिल गुप्ता,अशोक अग्रवाल,नरेंद्र सिंह पाल,पारस बुलानी,जसवंत सिंह राजपूत,सुशील यादव, तेजपाल राजपूत,हरिओम गुप्ता,नीरज गुप्ता, शिवनाथ राजपूत,दीपक जैन,प्रशांत दीक्षित,धर्मदास गुप्ता,अंकुर मित्तल, इमरान खान,लकी जौहरी,अजीत जैन,सर्वेश स्वर्णकार,जयदीप त्रिपाठी, किशन पोरवाल व प्रभात तिवारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी भाई मौजूद रहे।

# चलती ऑटो में बुजुर्ग दंपत्ति का विवाद, वीडियो वायरल

## – समय रहते हस्तक्षेप से टली बड़ी घटना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। हाईवे पर इकदिल कस्बे की ओर जा रहे एक ऑटो में सवार बुजुर्ग दंपत्ति के बीच अचानक विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य, पीएलवी अधिकार मित्र रामसुंदर दुबे व लालमन बाथम लखना कस्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने तेज गति से जा रहे एक ऑटो में बुजुर्ग दंपत्ति के बीच झगड़ा और मारपीट होते देखा। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तीनों ने तत्परता दिखाते हुए आगे जाकर ऑटो को इकदिल से पहले ही रुकवाया और दोनों को शांत कराया। पूछताछ में बुजुर्ग पुरुष ने बताया कि वह अपनी पत्नी को इंगुरी गांव अपने घर लेकर जा रहा है, जबकि महिला ने आरोप लगाया कि उसे जबरन और धोखे से ले जाया जा रहा है। मामले की स्पष्टता के लिए संबंधित वकील से फोन पर बातचीत की गई, जिसके बाद स्थिति साफ हो गई। इसके बाद तीनों ने दंपत्ति को समझाकर आपसी सहमति से आगे रवाना किया। इस दौरान बुजुर्ग महिला को सुरक्षा के मद्देनजर हेल्पलाइन नंबर 1098, 112 व नालसा हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क करने की सलाह दी गई, जबकि बुजुर्ग पुरुष को भविष्य में किसी भी प्रकार की मारपीट न करने की सख्त हिदायत दी गई। समय रहते हस्तक्षेप होने से संभावित बड़ी घटना टल गई और स्थिति शांतिपूर्वक नियंत्रित कर ली गई।





# आरएसएस ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

## – नगर पंचायत चेयरमैन व प्रतिनिधि ने किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के राजपूत नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खागा नगर (सेवा भारती) के तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खागा नगर पंचायत की चेयरमैन गीता सिंह एवं प्रतिनिधि रामगोपाल ने फीता काटकर किया।



इस अवसर पर क्षेत्र के लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे। शिविर में खागा के डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। मरीजों की विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श दिया गया। साथ ही जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया, जिससे गरीब एवं असहाय लोगों को काफी राहत मिली। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में डॉक्टरों ने लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए।

# संस्कारों की पाठशाला होते हैं विद्यालय : मनोज

## – प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, स्कूल चलो अभियान आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ऐरायां विकास खण्ड के ग्राम मलूकपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, स्कूल चलो अभियान एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क एवं विमर्श प्रमुख मनोज रहे। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख घनश्याम, संघ के विभाग सह संघचालक .ष्ण स्वरूप, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, राज्य संदर्भ दाता समूह के सदस्य राधेश्याम दीक्षित एवं जयचंद्र पाण्डेय, संघ के जिला कार्यवाह राम अभिलाष सहित तमाम लोग रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक डॉ अम्बिका प्रसाद मिश्र ने किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण करके किया। अपने उद्बोधन में श्री मनोज ने ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में इस प्रकार के वार्षिकोत्सव की सराहना की और कहा कि विद्यालय संस्कारों की पाठशाला है। जहां मलूकपुर जैसे विद्यालय बच्चों को संस्कार देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों में अच्छे संस्कार व संस्:ति का बीजारोपण करना चाहिए जिससे वह एक अच्छा नागरिक बन सकें और मां भारती की सेवा कर सकें। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर पुरस्:त किया गया। विद्यालय में सबसे अधिक अंक पाने वाली छात्रा जयशिका मौर्य को टॉपर ऑफ द स्कूल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही साथ ऐसे बच्चे जिनकी वार्षिक उपस्थिति 100 प्रतिषत थी उनको और उनके माता–पिता को भी ट्रॉफी और उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में गठित बाल संसद के अंतर्गत अच्छा कार्य करने वाले समितियों के सदस्यों को मेडल देकर सम्मानित किया। कक्षा एक के नव प्रवेशी बच्चों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकों को देकर स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्:तिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आनन्द कुमार मिश्र द्वारा आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। अंत में वंदेमातरम गायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सिद्धपीठ श्री कालिकाजी मंदिर में देवी भागवत महापुराण को लेकर बैठक

## – 17 अप्रैल की शोभा यात्रा ऐतिहासिक बनाने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सिद्धपीठ श्री कालिकाजी मंदिर में आगामी देवी भागवत महापुराण कथा एवं धर्म–कर्म ज्ञानोपदेश के भव्य आयोजन को लेकर मंदिर ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में 17 अप्रैल शुक्रवार को निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार



भी शोभा यात्रा को भव्य व ऐतिहासिक स्वरूप दिया जाएगा। इसके लिए नगर के श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की गई। विशेष रूप से दो पहिया व चार पहिया वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि शोभा यात्रा आकर्षक और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। कार्यक्रम के तहत 18 अप्रैल से 26 अप्रैल तक श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन सिद्धपीठ कालिकाजी मंदिर परिसर में किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। बैठक में आयोजकों ने नगरवासियों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि यह धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता और आस्था का प्रतीक है, जिसे सफल बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में मुख्य यजमान केशव राम त्रिपाठी, कालिका मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी सोनू गुप्ता, राजन गुप्ता, मनोज रस्तोगी, जितेंद्र मल्होत्रा, संजय रस्तोगी, कैलाश कश्यप, शिव प्रसाद मामा, रविंद्र यादव, पवन गुप्ता के अलावा समस्त कालिका मंदिर परिषद के भक्तगण मौजूद रहे।

# बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं का जताया आभार

## - अधिवक्ताओं का कराया मुंह मीठा, सभी ने पहनाई माला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने के बाद बाबू सिंह यादव ने कचेहरी में सभी अधिवक्ताओं से संपर्क किया और उनका आभार प्रकट किया। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव को फूल मालाएं पहनाकर मिठाइयां वितरित की। उनका जोरदार स्वागत किया। श्री बाबू सिंह ने कहा कि पंद्रह दिन के अंदर अधिवक्ताओं के हित की सारी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उनके हक और सम्मान की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन अधिवक्ता संगठन के संरक्षक वसीम अंसारी एडवोकेट व असलम शेर खां एडवोकेट का आशीर्वाद लिया



और कहा कि आप लोगों के नेतृत्व व सूझबूझ ने मुझे विजयी बनाया है। आप लोगों ने हर तरह से सहयोग देकर इस मुकाम पर पहुंचाया है। वसीम अंसारी एडवोकेट व असलम षेर खां एडवोकेट ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी और आहवान किया कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। बार व बेंच के बीच समन्वय बनाया जाए। जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। व्यवस्था परिवर्तन व सर्व समाज संगठन के जिम्मेदार अधिवक्ता साथियों ने अध्यक्ष बाबू सिंह यादव का स्वागत किया। इस मौके पर नरोत्तम सिंह, मोहम्मद अय्यूब, मणिभूषण सिंह, मोहम्मद आसिफ, वजाहत हुसैन, कमरुद्दीन, अरविंद, रामसनेही पासवान, एहसान खान, आसिफ मकसूद, गुलाम जब्बार, बदरुल हक, करीम खान, रंजीत मौर्य, श्रीराम पटेल, शाहजहां, अरविंद यादव, पुरुषोत्तम यादव, नदीमउद्दीन पप्पू समेत तमाम अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

# शोकसभा कर कांग्रेसियों ने मोहसिना किदवई को दी श्रद्धांजलि

## - वक्ताओं ने उनके राजनैतिक सफर का किया बखान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में सोमवार को जिला व शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व केंद्रीय



मंत्री मोहसिना किदवई की आत्मा शांति हेतु एक शोकसभा की गई। शोकसभा में वक्ताओं ने मोहसिना किदवई के राजनैतिक सफर का बखान करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय संबोधन ने जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने बताया कि मोहसिना सर्वप्रथम मेरठ से छठवीं लोकसभा में अपनी जीत दर्ज करते हुए फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। वो लगातार तीन बार सांसद रहते हुए केंद्रीय मंत्री भी रहीं। उन्होंने आगे कहा कि उनका पूरा कार्यकाल एक निष्ठावान कांग्रेस नेता का रहा जो अविस्मरणीय है। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने भी मोहसिना को कांग्रेस की रीढ़ बताते हुए कहा कि इंदिरा व राजीव गांधी के मंत्री मंडल में सदैव उनका उच्च स्थान रहा। जिसका कारण था कि उन्हें तीन बार सांसद रहने के बाद झारखंड से राज्यसभा में चुना गया। उन्होंने आगे कहा कि मोहसिना उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए पार्टी की मजबूती एवं एकता पर बहुत ही सराहनीय कार्य किया जिसके लिए कांग्रेस सदैब उनकी ऋणी रहेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी नेताओं ने दो मिनट का मौन रखते हुए उनकी आत्मशांति हेतु परमेष्वर से कामना की। शोक सभा में वरिष्ठ नेता शेख एजाज अहमद, राजू लोधी, कलीम उल्ला सिद्दीकी, राजीव लोचन निषाद, देवी प्रकाश दुबे, पं. रामनरेश महाराज, सैयद सहाब अली, शकीला बानो, वकील खान, शमशाद, शैलेन्द्र सिंह, बषीर अहमद, फजलुर्रहमान असलम, धर्मेंद्र सिंह, षादाब अहमद, चौधरी मोईन राइन, सलीम खान, जगत पाल पासवान, निजामुद्दीन, अमीरउलजमा खान, इलियास अहमद, शावेज़ अंसारी, उस्मान बेग, समद, अकरम काले, हम्माद हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# नारी शक्तिवंदन अधिनियम, ऐतिहासिक निर्णय : कृष्णा पासवान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में खागा विधानसभा से विधायक .ष्णा पासवान द्वारा एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन भाजपा कार्यालय में किया गया। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के दूरगामी प्रभाव और महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को साझा करना था। पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधायक .ष्णा पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश का पारित होना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने कहा कि दशकों से लंबित पड़े इस सुधार को धरातल पर उतारकर भाजपा सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि महिला सशक्तिकरण हमारे लिए केवल नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है। विधायक ने स्पष्ट किया कि इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होने से नीति निर्धारण में महिलाओं की भूमिका और अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कानून केवल सीटों का आरक्षण नहीं है, बल्कि देश की आधी आबादी के सम्मान और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला कदम है। खागा विधायक ने कहा कि फतेहपुर जैसे ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले क्षेत्रों की महिलाओं में भी इस निर्णय से भारी उत्साह है, जिससे आने वाले समय में जमीनी स्तर पर नए नेतृत्व का उदय होगा। विधायक कृष्णा पासवान ने अंत



में कहा कि अब महिलाएं राष्ट्र निर्माण में सीधे तौर पर बड़ी जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं। उन्होंने इस ऐतिहासिक कदम के लिए प्रधानमंत्री और समस्त केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुशीला मौर्या, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, रेखा मिश्रा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ज्योति प्रवीण, मंजू शुक्ला, विजय लक्ष्मी साहू, अन्नू सविता, संगीता द्विवेदी, अंजू त्रिपाठी, दीपिका सिंह, शैलजीराज लोधी, नीशू तिवारी, वंदना द्विवेदी, गायत्री सिंह, संजना द्विवेदी, सुनिधी द्विवेदी आदि पार्टी के अन्य पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने शिवम सिंह को किया सम्मानित

## - युवाओं के लिए मिसाल बने शिवम, सीजीएल परीक्षा की पास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के ग्राम साढ़ो का पुरवा (अहिरन का पुरवा) निवासी प्रतिभाशाली युवा शिवम सिंह यादव पुत्र जय सिंह के एसएससी सीजीएल परीक्षा के माध्यम से आयकर विभाग में कार्यालय अध्यक्ष पद पर चयनित होने पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा प्रभारी चौधरी राजेश यादव ने अपनी टीम के साथ शिवम यादव के आवास पहुंचे और उन्हें राधा–.ष्ण की सुंदर प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूरे वातावरण में खुशी और गौरव का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनकी उपलब्धि का स्वागत किया। चौधरी राजेश यादव ने कहा कि शिवम सिंह यादव की यह सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर इस प्रकार की उपलब्धि हासिल करना आसान नहीं होता, लेकिन यदि लक्ष्य के



प्रति .ढ़ संकल्प हो तो कोई भी मुकाम दूर नहीं रहता। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिवम से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। इस अवसर पर शिवम सिंह यादव ने अपने माता–पिता, गुरुजनों एवं सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके परिवार के सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से मेहनत, धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की अपील की। उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिवम सिंह यादव को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने कहा कि इस तरह के सम्मान से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। यह आयोजन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया, जिसने यह साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम और .ढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। साथ में नरसिंह, भूप सिंह यादव, सत्यम यादव बीडीसी युवा नेता सुरेश सिंह, कुल्लू यादव प्रताप यादव, पूर्व सब इंस्पेक्टर जय सिंह यादव, शुभम यादव, गुड्डू यादव और क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# ट्रकों की भिड़ंत में महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम अतरहा मोड़ ढाबे के समीप एनएच 2 में ट्रकों की भिड़ंत में 40 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गाजीपुर जिला के थाना जामिया गांव चक मदेनी निवासी सुजीत राय की पत्नी मंजू राय अपने पति के साथ ट्रक में बैठकर गाजीपुर जा रही थी। बताते है कि अतरहा मोड़ के समीप परदेशी ढाबा के पास विपरित दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# बाबा साहब की जयंती पर सहिली में होगा कार्यक्रम

## – मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लेंगे हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बिन्दकी विधानसभा क्षेत्र के सहिली गांव में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर दो बजे प्रारंभ होगा। यह बात सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित मीडिया जनसंपर्क कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए खागा विधानसभा में कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी ओम प्रकाश गिहार ने कही। उन्होने बताया कि जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के



रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, उड़ीसा प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवाकांत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और बाबा साहब के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सभी नेताओं ने संयुक्त रूप से क्षेत्र की जनता से आहवान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी हेमलता पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, महासचिव उदित अवस्थी एवं सदर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी मोहसिन खान भी उपस्थित रहें।

# वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्करः तीन की मौत, चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी थाना क्षेत्र के कोरवा गांव के समीप रविवार की देर शाम करीब सात बजे चार पहिया वाहन ने तीन बाइक में टक्कर मार दिया। जिसके चलते एक बाइक में सवार ममता देवी 35 वर्ष पत्नी स्व0 प्रभात कुमार निवासी कस्बा जाफरगंज थाना जाफरगंज उसकी पुत्री पल्लवी देवी 8 वर्ष पुत्र अर्पित 10 वर्ष तथा बाइक चालक भाई सुरेंद्र कुमार 30 वर्ष निवासी दरियापुर कोतवाली बिंदकी घायल हो गए। इसी दुर्घटना में दूसरी बाइक में सवार सत्यवान सोनी 26 वर्ष पुत्र रामनारायण सोनी निवासी ग्राम जोनिहा कोतवाली बिंदकी तथा मनोज सोनी 18 वर्ष पुत्र अवध बिहारी सोनी निवासी बड़ी देवरी थाना जाफरगंज घायल हो गए। जिसमें मनोज सैनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की में मृत घोषित कर दिया जबकि सत्यवान सोनी को जिला अस्पताल में मृत घोषित किया गया। इसी दुर्घटना में तीसरी बाइक में सवार अन्नु सोनकर 40 वर्ष पुत्र लल्लू सोनकर निवासी जोनिहा घायल हो गए। जिनको चिकित्सक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मृत घोषित कर दिया। इस प्रकार दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। जिसमें ममता देवी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# खड़े ट्रक में ट्रक घुसा चालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुधवा एनएच 2 ओवरब्रिज में बीती रात रोड़ किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आ रहा ट्रक जा घुसा। जिससे 27 वर्षीय चालक की मौके पर ही मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार बिहार प्रान्त के जिला गया थाना सेराघाटी गांव बन्द दोहरी गांव निवासी रमेश यादव का पुत्र सजीत यादव ट्रक चालक था। बताते है कि दुर्गापुर से चौनल लादकर जयपुर जा रहा था। जैसे ही ट्रक थरियांव थाने के सुधवां एनएच 2 ओवर ब्रिज में पहुंचा तभी रोड़ किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा जिससे चालक सजीत की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। उधर घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का भाई अजीत कुमार ने दी।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर कमेटी बनाने के निर्देश

## – भाजपा नगर दक्षिणी की मासिक बैठक में हुई चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। भाजपा नगर दक्षिणी की मासिक बैठक प्रदेश नेतृत्व के अनुसार एक होटल में मंडल उपाध्यक्ष विश्वास मिश्रा बेटू के सहयोग से आयोजित की गई। जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रम बूथ प्रबंधन और कार्यक्रम दायित्व सभी पदाधिकारी को दिए गए। प्रदेश और जिला के दिशा निर्देश



का पालन और बूथ स्तर की कमेटी बनाने की लिए आवश्यक निर्णय लिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता, मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी ओम मिश्रा, विशिष्ट अतिथि सुशील तिवारी, जय प्रकाश सिंह, रितेश गुप्ता, जसवंत गिहार कार्यक्रम संचालन चंदन सिंह चौहान, लकी द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम आयोजक विष्वास मिश्रा ने मुख्य अतिथियों का माला एवं भगवा पटका व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को भी माला, पटका व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्य योजना पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने आपस में चर्चा करते हुए मंडल प्रभारी ओम मिश्रा व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने सभी को कार्य वितरित किए गये। मासिक बैठक में ओम मिश्रा, जयप्रकाश सिंह फौजी, सुशील तिवारी, अतीश पासवान, दिनेश गुप्ता, विष्वास मिश्रा, रज्जन गुप्ता, नागेश सिंह, एस गुप्ता, गौरी लोधी, चन्दन सिंह चौहान, लकी द्विवेदी, रीना दीक्षित, विवेक नागर, रामा पासवान, नीरज सिंह, शैलेन्द्र मौर्य, नईम अहमद, अंकुर तिवारी, अजय मौर्य, अमित तिवारी आदि मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )